ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 29 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 236 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले अक्षय ... पेज 12 पर

# हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन



### कृषि क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के रहे पक्षधर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का गुरुवार को 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुम्भकोणम में हुआ था।

### बेटी डॉ. सौम्या ने कहा- उनकी विरासत को तीनों बेटियां जारी रखेंगी

डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और एमएस स्वामीनाथन की बेटी डॉ। सौम्या स्वामीनाथन ने पिता के निधन पर कहा, पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। आज सुबह 11.20 बजे उनका निधन हो गया। जिंदगी के अंत तक वे किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध थे। परिवार की ओर से मैं उन सभी का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुझे आशा है कि हम तीनों बेटियां उस विरासत को जारी रखेंगे, जो मेरे पिता और मेरी मां मीना स्वामीनाथन ने हमें दिखाई है। उन्होंने कहा कि उनके पिता उन कुछ लोगों में से एक थे, जिन्होंने माना कि कृषि में महिलाओं की उपेक्षा की जाती है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की थीं। उनके विचारों ने महिला सशक्तीकरण योजना जैसे कार्यक्रमों को जन्म दिया, जिसका उद्देश्य महिला किसानों का समर्थन करना था। जब वे छठे योजना आयोग के सदस्य थे, तो पहली बार महिला और पर्यावरण पर एक अध्याय शामिल किया था। उनके ये दो महत्वपूर्ण योगदान हैं, जिन पर उन्हें बहुत गर्व था।

वह स्वतंत्रता आंदोलन में अपने पिता और महात्मा गांधी से काफी प्रभावित थे। उन्होंने दो स्नातक डिग्री हासिल की थीं, जिनमें एक कृषि महाविद्यालय कोयंबटूर की थी। वे भारत के आनुवंशिक वैज्ञानिक थे। उन्होंने साल 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए।

**एमएस स्वामीनाथन ने विकसित की थीं अधिक उपज देने वाली गेहूं और चावल की किस्में :** एमएस स्वामीनाथन ने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि भारत के कम आय वाले किसान अधिक उपज पैदा करें। इससे भारत को खाद्यान्न सुरक्षा मिली थी। इसे ही हरित क्रांति कहा जाता है। इसके लिए उन्होंने तत्कालीन कृषि मंत्री सी सुब्रमण्यम और जगजीवन राम के साथ काम किया था। इससे पूरे भारत में खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई थी। स्वामीनाथन को 1987 में प्रथम विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने पुरस्कार राशि का उपयोग चेन्नई में एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना के लिए किया। यह फाउंडेशन टिकाऊ और समावेशी कृषि के क्षेत्र में काम कर रहा है।

**उनके नाम पर गठित हुआ था आयोग :** स्वामीनाथन आयोग का गठन 18 नवंबर, 2004 को किया गया था। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### झामुमो नेता फलिंद्र मुंडा को गोली मारने की कोशिश, बाल-बाल बचे

**रांची।** कांके प्रखंड झामुमो कमेटी के उपाध्यक्ष सह उरुगुट्टू पंचायत के पूर्व मुखिया फलिंद्र मुंडा को गुरुवार को गोली मारने की कोशिश नाकाम हो गई। घटना ठाकुरगांव थाना क्षेत्र का है। घटना के वक्त मुंडा उरुगुट्टू स्थित घर के सामने अखबार पढ़ रहे थे। बताया गया है कि बाइक से पहुंचे दो अज्ञात अपराधियों ने फलिंद्र मुंडा की कनपट्टी पर रिवॉल्वर सटाकर गोली मारने का प्रयास किया लेकिन गन से फायर नहीं हुआ और वे बच गए। हालांकि, एक अपराधी को उन्होंने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। अब तक इसके पीछे की वजह सामने नहीं आई है। सूचना मिलते ही ठाकुरगांव थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित फलिंद्र मुंडा से घटना की जानकारी ली। साथ ही जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

### नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत

**गुमला।** गुमला के चैनपुर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में एक बच्चा नदी में नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव में बह गया। नदी में बहने वाले बच्चे का नाम अभिनय रौतिया (9 वर्ष)- पिता जागेश्व रौतिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि चार दोस्त बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे शंख नदी नहाने चले गए थे। नहाने के दौरान अभिनय रौतिया नाम का बच्चा पानी के तेज बहाव के बीच चला गया। उसे डूबता देख बाकी बच्चों ने उसे बचाने की कोशिश की लकिन अभिनय पानी की गहराई में चला गया। जिसके बाद वह बहने लगा। इसके बाद बच्चों ने इसकी जानकारी अभिनय के परिजनों को दी। जिसके बाद खबर की जानकारी मिलने के बाद परिजनों के साथ गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

### चलती ट्रेन से बीच नदी में गिरा युवक

**मेदिनीनगर।** रस्सी के सहारे रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने नदी के बीच धार में फंसे एक युवक का रेस्क्यू किया है। रस्सी के सहारे आरपीएफ के जवानों ने 80 फीट ऊंचाई तक युवक को खींचा है और उसकी जान बचाई है। पूरा मामला पलामू के गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के पास कोयल नदी पर बने रेलवे पुल का है। दरअसल बोकारो के बड़कागांव के बड़की के रहने वाले मनोज करमाली ट्रेन के जनरल बोगी में बैठकर दिल्ली जा रहे थे। मनोज खिड़की के पास बैठे हुए थे और अचानक नींद में वह ट्रेन से नीचे गिर गये। मनोज गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के पास कोयल नदी पर बने रेलवे ब्रिज से गिरे और नदीं की बीच धारा में फंस गये। नदी में दोनों तरफ से पानी भरा हुआ था। रेलवे के पेट्रोलिंग टीम ने मनोज को पुल के नीचे देखा और मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। जिसके बाद आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

### मुख्यमंत्री कार्यालय के माली की पुरी के समुद्र में डूबने से मौत

**रांची।** मुख्यमंत्री कार्यालय के एक कर्मचारी की पुरी के समुद्र में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान विशाल उरांव के रूप में हुई है। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में माली का काम करता था। वह मूल रूप से सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चुनाभट्टा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार विशाल 25 सदस्यीय टीम के साथ ओडिसा के पुरी बीच पर घूमने गया था। स्वर्गद्वार के पास समुद्र में सभी लोग नहा रहे थे। इसी दौरान विशाल के दो दोस्त पानी में डूबने लगे। उनको बचाने के चक्कर में विशाल गहरे पानी में डूब गया। हालांकि, उसके दोनों दोस्तों की जान बच गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एनसीपी के इकलौते विधायक कमलेश पर चलेगा दलबदल का केस

**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक कमलेश सिंह के खिलाफ दलबदल की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा है। कमलेश सिंह झारखंड विधानसभा में हुसैनाबाद सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह एनसीपी के अजीत पवार गुट के साथ चले गए हैं। इस पर एनसीपी शरद पवार गुट के महाराष्ट्र के विधायक जितेंद्र अवहद ने उनके खिलाफ झारखंड विधानसभा के स्पीकर के पास दल-बदल की शिकायत की थी। इसी शिकायत के आलोक में स्पीकर का ट्रिब्यूनल इस मामले में 12 अक्टूबर को पहली सुनवाई करेगा। इसकी सूचना कमलेश सिंह के अलावा शिकायतकर्ता को भी भेज दी गई है। स्पीकर ट्रिब्यूनल ने दोनों पक्षों को पहली सुनवाई में उपस्थित होकर मौखिक या लिखित रूप में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब देने को कहा है।

# चाईबासा : आईईडी विस्फोट में जवान शहीद, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। प. सिंहभूम**

चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया है। नक्सलियों ने तीन आईईडी विस्फोट किया है। इसकी चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और राजेश कुमार समेत चार जवान जख्मी हो गए। पुलिस की ओर से यह जानकारी दी गई है। हालांकि स्थानीय सूत्रों के मुताबिक विस्फोट की चपेट में आने से घायल राजेश कुमार शहीद हो गये हैं। वह छत्तीसगढ़ के गैरेली के रहने वाले थे। यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के सरजोमबुरू और तुम्बाहाका गांव के पास के जंगल में हुई है।

पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, रमेश उर्फ अनल, अजय महतो, अनमोल मोछु, चमन कांडे, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान में विध्वंसक गतिविधि के लिए मूव कर रहा है। इस इनपुट पर चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन 157 बटालियन 1, 74, 134, 193, 07 और 26 बटालियन का ज्वाइंट ऑपरेशन टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच सरजोमबुरू और तुम्बाहाका के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को टारगेट करके लगाए पूर्व से लगाए गये तीन आईईडी में विस्फोट किया गया। इसकी चपेट में आने से एक इंस्पेक्टर समेत चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गये, जिसमें से एक जवान शहीद हो गए। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची भेजा गया है।

पुलिस का कहना है कि इस घटना से पहले ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने तुम्बाहाका गांव के पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में दो आईईडी और रास्ते में गड्ढा कर लोहे के रॉड से बने 31 स्पाइक होल्स और तीर से बने 250 स्पाइक को बरामद कर लिया था। उसी दौरान विस्फोटकों को डिफ्यूज भी कर दिया गया था। लेकिन दोपहर 12 से 12.15 के बीच नक्सलियों ने तीन आईईडी ब्लास्ट करा दिया, जिसकी वजह से सुरक्षा बलों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### दो आईईडी बम व 31 स्पाइक होल बरामद

आईईडी बम विस्फोट के बाद सुरक्षा बलों ने नक्सल प्रभावित जंगली इलाके में अभियान चलाया। सुरक्षा बलों ने जंगल से दो आईईडी बम बरामद किए हैं। 31 स्पाइक होल बरामद किए गए हैं। इस दौरान 250 स्पाइक भी पुलिस को मिले हैं।

### नक्सल ऑपरेशन में ये टीम थी शामिल

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में चाईबासा पुलिस शामिल थी। जगुआर और कोबरा 209 बीएन के जवान शामिल थे। सीआरपीएफ 197 इठ एवं 174 इठ के अलावा बम निरोधक दस्ता सीआरपीएफ 197 बीएन की टीम शामिल थी।

### सीएम हेमंत ने आईईडी विस्फोट में जवान के बलिदान पर जताया दुःख



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चाईबासा के टोंटो क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान घायल होने वाले कोबरा बटालियन के जवान राजेश कुमार के बलिदान होने का दुःखद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के अति उग्रवाद प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरू गांव के पास स्थित जंगल पहाड़ी में गुरुवार दोपहर आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के एक जवान राजेश कुमार का बलिदान हो गया जबकि एक जवान भूपेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल है।

**विश्व पर्यटन दिवसः** मैक्लुस्कीगंज ने बढ़ाया मान

## सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में मिला सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पर प्रकृति ने असीम कृपा बरसाई है। यहां के घने जंगल, पहाड़ और झरने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वहीं रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए बसाया गया मैक्लुसकीगंज खूबसूरत वादियों और सुनहरे मौसम की वजह से पूरे देश में विख्यात है। इसको मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता है। अब इसी मैक्लुस्कीगंज ने पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड का नाम रौशन किया है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्लुसकीगंज को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक चुना गया है। झारखंड के पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइनुद्दी खान ने इस पुरस्कार को रिसिव किया।

**क्यों मशहूर है मैक्लुसकीगंज, कैसे मिला यह नामः** कोलकाता के एंग्लो इंडियन समुदाय के एर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के नाम पर इस जगह को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। अर्नेस्ट टिमोथी के पिता आयरलैंड के थे जबकि उनकी मां भारतीय थीं। अर्नेस्ट एक बड़े व्यवसायी थे। उनको यह इलाका आयरलैंड की याद दिलाता था। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 1933 में कोलोनाइजेशन सोसायटी के नाम से एक कोऑपरेटिव बनाई थी। इसके लिए उन्होंने प्लान तैयार कर रातु के तत्कालीन राजा से 10 हजार एकड़ जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद 20 हजार एंग्लो इंडियन को कोऑपरेटिन का शेयर खरीदने के बदले लैंड देने के लिए आमंत्रित किया था। उनके इस आकर्षक प्रस्ताव पर एंग्लो इंडियन समुदाय से जुड़े 250 परिवार साल 1939 में यहां आकर बसे थे। इन परिवारों ने 10 हजार एकड़ में से 6,800 एकड़ जमीन खरीदी थी। शेष जमीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एटीएस ने अफीम तस्करी के 3 आरोपियों को दबोचा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने खूंटी-मूरहू रोड में छापेमारी कर अन्तर्राज्यीय अफीम तस्करी गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें खूंटी के मारंगदाहा थाना निवासी राम कुमार मुंडा, चतरा के पत्थरगड्डा थाना निवासी विरेन्द्र दांगी और रांची के जगन्नाथपुर निवासी राजकुमार साव शामिल हैं। इनके पास से पांच किलो आठ ग्राम अफीम, 32 हजार 500 रुपये, तीन मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद हुआ है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी थाना क्षेत्र में अन्तर्राज्यीय मादक द्रव्य तस्करों के जरिये अवैध मादक द्रव्य अफीम का खरीद-बिक्री किया जाना है। सूचना के बाद एटीएस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खूंटी-मुरहू रोड स्थित एमएस माईल इण्डियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उन्होंने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ईद मिलादुन्नबी पर रांची में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी



### फर्जी डिग्रियां बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में पुलिस ने देश की अलग-अलग यूनिवर्सिटी के नाम पर फर्जी डिग्रियां बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इसके दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फर्जी डिग्रियां बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले कागजात, कंप्यूटर, प्रिंटर, मॉनिटर सहित कई सामान बरामद किए गए हैं। बताया गया कि जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र स्थित ठाकुरबाड़ी मकान संख्या 47 के दूसरे तल्ले पर डांस स्टूडियो से गिरोह अपना नेटवर्क संचालित कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर साकची थाना प्रभारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने दबिश दी।

**झारखंड में सरना धर्म कोड पर गर्मायी राजनीति**

# चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में 'इंडिया'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूबे में फिर एक बार सरना धर्म कोड को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले पर जल्द फैसला लेने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री के चिट्ठी लिखने के बाद अब कांग्रेस ने भी आदिवासी समुदाय के लिए जनगणना में सरना धर्म के लिए अलग कोड की मांग का समर्थन करते हुए भाजपा पर हमला बोला है। उधर, अलग सरना धर्म कोड को लेकर अभी भारतीय जनता पार्टी के नेता दुविधा में दिख रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग 'सरना धर्म कोड' निर्धारित करने की मांग की है। इससे पहले 11 नवंबर 2021 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग सरना धर्म कोड की मांग का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। जिसे राजभवन भेजा जा चुका है।

अलग सरना धर्म कोड के लिए तर्कः अलग सरना धर्म कोड को जनजातीय समाज के लोगों की पहचान से जोड़ते हुए यह तर्क दिया जाता है कि 'सरना धर्म' हिंदू सनातन धर्म से भी प्राचीन धर्म होने के बावजूद आज इसकी अपनी पहचान नहीं है। इसका हवाला देकर जनजातीय समुदाय द्वारा अलग-अलग समय पर अलग सरना धर्म कोड की मांग की जाती रही है। प्राचीनतम धार्मिक पद्धति होने का हवाला देकर आदिवासी समुदाय के कई संगठनों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि 'सरना धर्म' ही प्राचीनतम धर्म है, जो प्रकृति की पूजा करते हैं। इसके उपासक वर्तमान में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नार्थ ईस्ट के राज्य, बिहार, प। बंगाल और महाराष्ट्र में हैं। बहरहाल, 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को अलग सरना धर्म की मांग को लेकर जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने बिंदुवार इसकी वजह बताई है। उन्होंने जनजातीय समुदाय द्वारा पेड़, पहाड़, जंगल के संरक्षण को ही अपना धर्म ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# पाकुड़ में जहरीला भोजन करने से 128 बच्चे बीमार, खाने में मिली थी छिपकली

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**

जिले के पाकुड़िया में विषाक्त भोजन खाने से 128 बच्चे बीमार हो गये। बीमार बच्चों को पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में भर्ती कराया गया है। घटना पाकुड़िया के सिदो-कान्हू मुर्मू मेमोरियल इंग्लिश स्कूल की है। स्कूल के हॉस्टल में बच्चों को बुधवार रात खाना दिया गया था। तभी एक बच्चे को परोसी गयी सब्जी में मरी हुई छिपकली दिखी। इसे देखकर खाना खा रहे दूसरे बच्चे उल्टी करने लगे। इसके बाद धीरे-धीरे बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में स्कूल मैनेजमेंट ने 42 बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में जबकि 86 बच्चों को बंगाल के रामपुरहाट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाकर जिले के सिविल सर्जन डॉ। मंटू कुमार टेकरीवाल व मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद भी अस्पताल पहुंचे। इस बाबत जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी एसके झा ने गुरुवार को बताया कि इलाजरत सभी बच्चों की स्थिति बेहतर है। खतरे की कोई बात नहीं है। अधिकांश बच्चों को उल्टी की शिकायत थी। उन्हें जरूरी दवाएं दी गयी हैं। कई बच्चों ने खाना नहीं खाया था और वे भी दूसरे बच्चों को उल्टी करता देख उल्टी करने लगे थे। मेडिकल टीम तैनात की गयी थी। स्कूल मैनेजमेंट को भोजन पकाने में सावधानी बरतने तथा उसे परोसने से पहले जांच करने के लिए कहा गया है। सभी बच्चे जल्द ही ठीक हो जायेंगे।



## गागर में सागर

### श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन



**रांची।** शहर के सुखदेव नगर थानांतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़ा) स्थित श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर में वार्षिकोत्सव सह दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन गुरुवार को हुआ। श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर समिति की संस्थापक अध्यक्ष व शहर की जानी-मानी समाजसेविका रानी कुमारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसका समापन गुरुवार को हुआ इस अवसर पर महा आरती के बाद महाप्रसाद के रूप में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। सैकड़ों भक्तों ने महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात रात्रि में माता का जागरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति की गई। मौके पर आयोजन समिति के अरुण कुमार सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण मौजूद थे।

### बेड़ो में अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत धूम धाम से मनाया गया। जहां महादानी मंदिर परिसर में अशोक पंडा ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। इस दौरान महिलाओं व बुजुर्गों संग बच्चों ने भी व्रत रखा तथा भगवान अनंत की कथा सुनी। वही अनंत भगवान को दूध, दही, मधु, पुआ, पूड़ी, केला, सेव, खीरा आदि का भोग निवेदित किया। साथ ही अनंत भगवान की कथा का श्रवण कर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। कच्चे सूत से बने 14 गांठ वाले अनंत की पूजा कर लोगों ने अपनी आस्था जताई। कथा श्रवण कर घर में सुख, शांति, वैभव और यश की कामना की। कथा के बाद पुरुषों ने दाहिने व महिलाओं ने बायीं भुजा पर पीले रंग के अनंत का धागा बांध मिष्ठान व पकवान खाए।

### बेड़ो के बारीडीह गांव में घर-घर जल नल योजना का हुआ शिलान्यास



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव में गुरुवार को प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी घर घर जल नल योजना के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। योजना का शिलान्यास विधिवत भूमिपूजन व पूजा अर्चना के साथ की गई। वहीं मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय ने कहा कि इस योजना के पूरा होने के बाद बारीडीह गांव के हर घर के लोगों को जल मिलेगा। जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। वहीं मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार रॉय, मुखिया सुशांति भगत,पंसस राखी भगत,ग्राम प्रधान विनोद उरांव,संवेदक रामकुमार सिंह,पहान सोमरा भगत,फगुवा टाना भगत, सेवक गोप व संदीप टाना भगत आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### वज्रपात से महिला हुई घायल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बांडी मुरतो गांव में गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे वज्रपात की चपेट में आने से एक 48 वर्षीया महिला सोमरी उरांव गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे भाई पेरो उरांव ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे बेहोशी की हालात में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डा सुमन ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना के संबंध में घायल महिला के भाई पेरो उरांव ने बताया कि मेरी बहन बकरी चराने के लिए बांडी नदी के समीप गई थी। इसी दौरान दोपहर में वर्षा के दौरान अचानक वज्रपात हुआ। जिसके चपेट में आने से मेरी बहन बेहोश हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने सीएचसी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# जश्न ईद मिलादुन्नबी पर रातू में निकाला गया भव्य जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

सिल्ली प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार के दिन मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद-मिलाद- उन-नबी के अवसर पर जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व शांतिपूर्ण तरीके से मुस्लिम समुदाय के नेतागण के द्वारा किया जा रहा था। समुदाय के लोगों ने बताया कि यह हम लोगों के लिए खुशी का त्यौहार है। इस दिन पर मोहम्मद पैगंबर ने आपस में भाईचारा रखने की सलाह दी थी। पैगंबर मोहम्मद साहब की यौम-ए- पैदाईश के मौके पर ईद मिलादुन्नबी मनाई गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुलूस- ए- मोहम्मदी निकालकर खुशी का इजहार किया। जुलूस में शामिल बच्चे, बूढ़े तथा युवा सभी उत्साहित नजर आए। मोहम्मद फारूक, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद उस्मान अंसारी के नेतृत्व में धार्मिक झंडे और गाजे-बाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जो मुरी के विभिन्न क्षेत्रों कलुआडीह, सुलुम जुड़ी, सिंगपुर, बड़ामुरी, छोटा मुरी, रेलवे कॉलोनी होते हुए पहाड़ी मोहल्ला मस्जिद के पास जुलूस का समापन हुआ तथा मस्जिद में जलसा तथा दावत की भी व्यवस्था की गई थी। लोगों ने दावत का जमकर लुफ्त उठाया तथा आपस में मिठाइयां बांटकर भाईचारे का परिचय दिया। इस मौके पर जियाउल मुस्तफा, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद ताहिर आलम, मोहम्मद नूर, शमशेर हुसैन समेत सैकड़ो लोग जुलूस में शामिल रहे।

## एकता व सौहार्द के साथ शामिल हुए सभी धर्मों के लोग



**रातू।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन पर प्रखंड के विभिन्न भागों में गुरुवार को ईद मिलाद उन नबी पर पैगंबर हजरत मुहम्मद बड़े ही श्रद्धा के साथ याद किये गये। इस्लाह उल मोमिनीन कमेटी फुटकलटोली की ओर से हाजी चौक से रातू काठीटांड तक जुलूस निकाला गया। इसमे काठी टांड़, फुटकलटोली , पिर्रा, चट्टी के लोगो ने हिस्सा लिया। जुलूस सुबह 7 बजे निकाला गया । दिन के 11 बजे रातू व काठीटांड अंजुमन कमेटी की ओर से काठीटांड में जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए फल, मिठाई व पेयजल की व्यवस्था की। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रोजे रख कुरआन की तिलावत की। गरीबों के बीच गरम कपडे बांटे गये और उन्हें खाना भी खिलाया गया। जुलूस में शामिल अकिदतमंद जश्न ए ईद मिलादुन्नबी जिंदाबाद, हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा जैसे नारों से रातू गुंज उठा। यहां कुरआन ख्वानी का आगाज कुरआन के तेलावत से किया गया। जुलूस के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण कुमार व थानेदार सपन कुमार महथा ने संभाली। जुलूस में हिंदू मुस्लिम एकता की झलक देखने को मिली। लोगों ने एक दूसरे को ईद मिलाद उन नबी की मुबारकबाद दी और पैगंबर के बताये मार्ग व इस्लाम पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में संरक्षक कमरुल हक, रातू प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, मुन्ना खान, इम्तियाज अली, महमूद आलम,इकराम अंसारी, हकमुल अंसारी, इमरान खान, बेलाल अंसारी, असलम अंसारी,जाबिर अंसारी, अरसद अयूब, सिन्धबाज खान, अक्लिमा खातून आदि सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम धमार्लम्बि और बच्चे शामिल हुये। जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। पुलिस प्रशासन विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये मुस्तैद दिखे।

### आजसू का तीन दिवसीय महाधिवेशन 29 से मोरहाबादी में

**रांची।** आजसू पार्टी के सातवें केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन 29 सितम्बर से रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। तीन दिवसीय यह महाधिवेशन 30 सितम्बर और एक अक्टूबर तक होगा। महाधिवेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल का नाम धरती आबा बिरसा मुंडा परिसर रखा गया है। जबकि सभी कार्यक्रम झारखंड आंदोलन के प्रणेता, लड़ो और पढ़ो का नारा देने वाले विनोद बिहारी महतो सभागार में होगा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए महाधिवेशन की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया। सुदेश ने कहा कि आजसू का महाधिवेशन झारखंड नवनिर्माण का संकल्प समागम होगा।इसलिए महाअधिवेशन को पूरे राज्य का अधिवेशन बनाने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य राज्य के निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों का सम्मान करना और अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले विशेषज्ञों के विचारों को एकत्रित कर उनकी रायशुमारी के आधार पर एक बेहतर झारखंड के लिए ब्लू प्रिंट भी तैयार करना है।

### आदर्श सरना समिति की ओर से होचर में लगा करम इंद जतरा

# आदिवासी एकता का प्रतीक है इंद जतरा महोत्सव : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

प्रखंड के होचर टिकरा में गुरुवार को आदर्श सरना समिति की ओर से करम इंद जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जतरा में झारखंड समेत अंडमान निकोबार, उड़ीसा छत्तीसगढ़, बंगाल, लातेहार, नेपाल आदि जगहों से 110 खोड़हा टीमें पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुये और नृत्य, गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रातू, मांडर, बेड़ो, लापुंग, बुढ़मू, खलारी, नगड़ी, कांके से सौ से भी अधिक टीमो ने हिस्सा लिया। खोड़हा टीमों को आदर्श सरना समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा तथा स्वर्गीय वीरेंद्र भगत के पिता बिसंबर भगत , रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, व आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांसी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुये। उपायुक्त ने इंद जतरा महोत्सव को आदिवासी एकता का प्रतीक बताते हुये कहा कि हमारी भाषा व संस्कृति अनोखी है। हमें पूर्वजों के इस धरोहर को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा की हम एकजुट होकर ही अपने पूर्वजो के धरोहर व संस्कृति के बचा पाएंगे । इससे पूर्व पहान ने जतरा खूंटा की पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलित कर जतरा की शुरूआत की गयी। इस मौके पर आजसू हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी, अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार मुड़मा जतरा के अध्यक्ष जगराम कुजूर ,जिला परिषद एतवारी कुजूर, पूर्व जिला परिषद अक्लिमा खातुन, जिला परिषद बिपिन टोप्पो, पूनम देवी, रातू प्रमुख संगीता तिर्की, राजेन्द्र भगत, बसंत भगत, झरिया उरांव, चिंटू मिश्रा, आजम अंसारी, प्रदीप कुमार, रितेश साहू आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### रिम्स की कार्यशाला में घुटना प्रतिस्थापन की लाइव सर्जरी

**रांची।** राजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), रांची ऑर्थोपेडिक्स विभाग का कार्यशाला में गुरुवार को घुटना प्रतिस्थापन के लिए भर्ती ऑस्टियो आर्थराइटिस के मरीज की लाइव सर्जरी की। कार्यशाला का उद्घाटन रिम्स के निदेशक और सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) राजीव कुमार गुप्ता, डीन प्रो. (डॉ.) विद्यापति, अकादमिक, प्रो. (डॉ.) हिरेंद्र बिरुआ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेश और रिम्स के उप चिकित्सा अधीक्षक त्रिपाठी ने की। हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि ऐसी ऑपरेटिव प्रक्रियाएं रिम्स में अक्सर होती हैं। हालांकि, सीखना एक सतत प्रक्रिया है और ऑर्थोपेडिक सर्जिकल क्षेत्र में नए विकसित हो रहे रुझानों के साथ अपडेट रहना आवश्यक है। कार्यशाला में प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दीपांकर सेन ने गंभीर दर्द और कार्यात्मक सीमाओं वाले ऑस्टियो आर्थराइटिस रोगियों के लिए पूर्ण घुटने के प्रतिस्थापन के लाभों पर प्रकाश डाला।

# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए प्रोजेक्ट 'रेल', बच्चों का होगा विकास




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरकारी स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन की दिशा में झारखंड सरकार ने एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिसके तहत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हर सप्ताह परीक्षा देनी होगी। झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई योजना रेल (रेगुलर एसेसमेंट फॉर इम्प्रुवमेंट लर्निंग ) प्रोजेक्ट के रूप में जानी जाती है। इस योजना के तहत शनिवार को वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों को परीक्षा देनी होती है। झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा निर्धारित दो विषयों के डिजिटल प्रश्न पत्र जिला के माध्यम से स्कूलों तक पहुंचाया जाता है। विद्यार्थियों को स्कूल के द्वारा उनके क्लास में प्रश्न पत्र ब्लैक बोर्ड पर लिख कर दिया जाता है, जिसके बाद वे इसका उत्तर लिखकर कॉपी जमा करते हैं। कॉपी का मूल्यांकन उसी दिन स्कूल के शिक्षकों के द्वारा किया जाता है और फिर अभिभावक के पास बच्चे टेस्ट कॉपी लेकर उनके हस्ताक्षर लेने के लिए जाते हैं। झारखंड सरकार की रेल योजनाकोडरमा में दो वर्षों से चल रही योजनाः निजी स्कूल की तर्ज पर शुरू की गई इस रेल प्रोजेक्ट को शिक्षा सचिव के रवि कुमार बच्चों की गुणवत्ता की जांच के लिए अहम मानते हैं। उनका कहना है कि इससे बच्चों में शैक्षणिक विकास होगा। इसका उदाहरण पायलट प्रोजेक्ट के तहत कोडरमा में शुरू की गई योजना है, जहां दो साल के अंदर जैक बोर्ड हो या अन्य बोर्ड रिजल्ट काफी बेहतर हुआ है। साप्ताहिक परीक्षा को लेकर बच्चे उत्साहितः सरकारी स्कूलों में शुरू की गई साप्ताहिक परीक्षा से बच्चे काफी उत्साहित दिख रहे हैं। शिक्षकों का मानना है कि इससे बच्चों में प्रतियोगी भावना की उपज होगी। परीक्षा के भय को भी दूर किया जा सकेगा। महीने में तीसरे शनिवार और छुट्टी के दिन को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में परीक्षा आयोजित की जाती है। जानकारी के मुताबिक परीक्षा के दिन शनिवार को विद्यार्थियों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक होती है। गवर्नमेंट मिडिल स्कूल जगन्नाथपुर की प्राचार्य निर्मला कुमारी कहती हैं कि साप्ताहिक परीक्षा से पहले बच्चों को पूरी तरह से संबंधित पाठ को पढ़ा दिया जाता है। उसके बाद परीक्षा ली जाती है।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ रवाना

**रांची।** सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रायपुर रवाना हो गए। सेठ को भाजपा केंद्रीय समिति ने छत्तीसगढ़ में तीन विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव की जिम्मेदारी दी है। इन क्षेत्रों में सूरजपुर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर, भटगांव और प्रेमनगर शामिल हैं। सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन और भाजपा कार्यकर्ताओं के मेहनत से छत्तीसगढ़ में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतियोगिता चल रही है। छत्तीसगढ़ की जनता भ्रष्टाचार की इस प्रतियोगिता से कांग्रेस को बाहर करने का काम करेगी।

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यक्रम को ग्रामीणों ने रोका

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासियों ने गुरुवार को सायको-किताहातू चौक पर प्रदर्शन कर शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यक्रम में अड़ंगा लगाया। सनातन संस्कृति को जागृत करने के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा 28 सितंबर को उलिहातू भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से शौर्य यात्रा का शुभारंभ करने का कार्यक्रम 2 बजे अपराह्न निर्धारित था। बजरंग दल की राष्ट्रीय बैठक में एक लाख संयोजक बनाने का लक्ष्य, विहिप के केंद्रीय महामंत्री ने मणिपुर हिंसा और आदिवासी दिवस पर कही ये बातसनातन जागृति शौर्य जागरण यात्रा में खूंटी के पूर्व सांसद सह विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक कड़िया मुंडा को मुख्य अतिथि बनाया गया था। लेकिन अपराह्न 2 बजे से पहले ही पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासी हाथों में तख्तियां और बैनर पोस्टर लेकर विहिप और बजरंग दल की धर्मसभा का विरोध करना शुरू कर दिया। चौक पर जुटे आदिवासियों ने पोस्टर बैनर लेकर नारेबाजी की और कहा कि सनातन संस्कृति को आदिवासियों पर थोपना बंद करें। स्थानीय आदिवासियों ने कहा कि उलिहातू ग्रामसभा और पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के ग्रामीणों से बगैर इजाजत लिए विहिप और बजरंग दल ने उलिहातू से शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा की शुरूआत करना चाहते हैं। इसे यहां के लोग नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर किसी को धर्म सभा करने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं लेकिन आदिवासियों पर जबरन हिन्दू या सनातन संस्कृति थोपना अनुचित है।

## करमा महोत्सव पर पंचायत स्तरीय महिला व पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

# खिलाड़ी उम्र के मोहताज नहीं होते हैं : राखी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

खिलाड़ी उम्र का मोहताज नही होते है, इससे खिलाडियों का आत्मनिर्भर बढ़ता है। उक्त बातें गुरुवार को बेड़ो के महादानी मैदान में आयोजित बेड़ो पंचायत स्तरीय करमा महोत्सव के अवसर पर आयोजित विवाहिता महिला एवं पुरुषों के बीच अलग-अलग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बेड़ो पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने कहीं। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता में बेड़ो पंचायत के बेड़ो बस्ती, करंज टोली और तेतर टोली के खिलाड़ी भाग लिए। जिसमें महिला वर्ग में फुटबॉल प्रतियोगिता के बीच बेड़ो बस्ती विजेता और उपविजेता तेतर टोली की टीम रही। वहीं पुरुष वर्ग में फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता करंजटोली और उपविजेता तेतर टोली की टीम रही। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता के मौके पर पंचायत समिति सदस्य राखी भगत में कहीं की बेड़ो पंचायत में अब प्रत्येक वर्ष करमा महोत्सव के बाद विवाहित महिला और पुरुषों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता कराएगा। इससे खेल के प्रति बच्चों में भी उत्साह बढ़ेगा। जिससे आने वाले दिनों में हमारे क्षेत्र के बच्चे भी खेल में अच्छा प्रदर्शन कर अपने गांव समेत राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, मुखिया सुशांति भगत, उपमुखिया संतोष दास, ग्राम प्रधान बुधवा पहान, पूजार पंचम तिर्की समेत कई लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए व सहयोग किए।

### भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी पतराहातू मंडल स्तरीय बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक गुरुवार को बंता पंचायत भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति ने की। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रवासी प्रभारी जैलेन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रदेश के निर्देश पर मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों का सत्यापन कार्य चल रहा है।आज इसी के निमित्त मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजक का सत्यापन किया गया। पुनः 30 सितंबर को बूथ सशक्तिकरण का को लेकर बैठक किया जाएगा।

### रेलवे मेंस कांग्रेस ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी का किया स्वागत

# कर्मचारियों की हर समस्याओं को उचित समय में हल करने का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस के बेहरा के मुरी हेल्थ यूनिट आगमन पर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जे कच्छप मौजूद रहे। दक्षिण पर रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने मुरी हेल्थ यूनिट के दौरे पर आए रांची मंडल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस के बेहरा व डॉक्टर नीतू समेत डॉक्टर जे कच्छप को बुके देकर स्वागत किया तथा कर्मचारियों के मुरी हेल्थ यूनिट से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। डॉक्टर एस के बेहरा ने सकारात्मक जवाब देते हुए कर्मचारियों की हर समस्याओं को उचित समय में हल करने का आश्वासन दिया है। जिसके तहत मुरी हेल्थ यूनिट में एक महिला विशेषज्ञ डॉक्टर हफ्ते के दो दिन अपनी सेवा देंगी। मुरी हेल्थ इकाई के कर्मचारियों को मंडल अस्पताल जाने पर वहां अलग से नंबर लगाने की समस्याओं से निजात दिया जाएगा और उन्हें एक विशेष स्लॉट के तहत मुरी हेल्थ यूनिट से ही नंबर लग जाएगा और उन्हें मंडल अस्पताल में इंतेजार नहीं करना पड़ेगा। मुरी हेल्थ यूनिट में पैथोलॉजी डिपार्मेंट के लिए निजी क्लीनिक से टाई अप किया जाएगा। साथ ही मुरी हेल्थ इकाई के क्षेत्र में आने वाले रेलवे कर्मचारियों के लिए रेफरल की समस्या को हल करने हेतु आपातकालीन स्थिति में रेलवे से टाई अप अस्पतालों में तुरन्त इलाज किया जाएगा, क्योंकि जीवन महत्वपूर्ण है। साथी ही रेलवे कॉलोनी में मच्छर की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए विशेष छिड़काव किए जाएंगे। उन्होंने दक्षिण पर रेलवे मेंस कांग्रेस से कहा कि यह हेल्थ इकाई को आप अपने घर की तरह समझे और इसे सवारने में हमारा सहयोग अवश्य करें जो मरीज दूर दराज में रहते हैं।

## गागर में सागर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा का प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की छात्रा कक्षा-9 की खुशी कुमारी ने 27 सितंबर, 2023 को ऑड्रे हाउस में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रा को उसकी सफलता पर बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस शानदार उपलब्धि की सराहना की और दूसरे बच्चों को भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ईद मिलादुन्नबी पर झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस ने लगाया स्वागत शिविर



**रांची।** पैगंबर मोहम्मद के जन्म दिवस के उपलक्ष में गुरुवार 28 सितंबर को झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी बेलाल कुरैशी द्वारा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में चल रहे लोगों को खजूर, पानी, चना, शर्बत, फल दिया गया। साथ ही जुलूस का नेतृत्व करने वालो को फूल माला, हरा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। यह शिविर कांटा टोली यूनियन बैंक के पास लगाया गया। मौके पर हाजी बेलाल कुरैशी, एजाज अहमद कुरैशी, इरफान कुरैशी, नसीम कुरैशी, नासिर कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी के अलावा झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस के पूरी टीम शामिल थे।

### अब्दुल वाहिद खान बनाए गए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी एवं प्रदेश प्रभारी उमेर खान के द्वारा झारखंड के सीनियर कांग्रेसी लीडर अब्दुल वाहिद खान को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मौके पर झारखंड सहित बोकारो जिला के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इस मौके पर अब्दुल वाहिद खान ने कहा कि मैं इससे पहले प्रदेश महासचिव के पद पर था ।आज मुझे प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। मुझे जो दायित्व मिला है मैं उसे उसको मैं पूरी तरह निर्वाह करूंगा। साथ ही इस मौके पर उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी केप्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी उमेर खान को प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व के नेताओं को भी धन्यवाद दिया है।

### विहिप ने झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद ने झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की है। बोर्ड की ओर से अनर्गल निर्णय लेने एवं कई प्रमुख मंदिरों की पुरानी कमेटी को भंग करने को गलत बताया गया। इस मसले को लेकर आगे की रणनीति तय करने को लेकर गुरुवार को विहिप एवं शहर के कई प्रमुख मंदिरों से संबद्ध श्रद्धालुओं की बैठक हिनू में हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने की। बैठक में धार्मिक न्याय बोर्ड के द्वारा चार मंदिरों में नई कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा हुई। प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि न्यास बोर्ड ने पिछले दिनों चार मंदिर का टीम को भंग करते हुए नई टीम का गठन किया है। इसका विरोध सभी मंदिर की कमेटी के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में पहाड़ी मंदिर की पुरानी कमेटी का दस दिन से विरोध प्रदर्शन चल रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया की धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की जायेगी। धार्मिक न्यास बोर्ड प्रदत शक्ति का दुरुपयोग कर रही है और सनातन धर्म के विरुद्ध कार्य कर रही है। कमेटी को भंग करने से पहले पुरानी कमेटी के साथ बैठक होना चाहिए था। इसके अलावा हिन्दू नामधारी संगठन के साथ विचार विमर्श किया जाना चाहिए था।

# भारत विविधताओं से भरी संस्कृतियों, परंपराओं व वेशभूषा का भरा एक गुलदस्ता है : विनय पत्राले




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय एकात्मता के लिए कार्यरत संस्था भारत भारती की बैठक प्रेस क्लब सभागार में हुई जिसमें उपस्थित विभिन्न प्रांतो के प्रतिनिधियों और भाषा-भाषी लोगों ने देश की सांस्कृतिक एकता और समृद्धि के लिए मिलजुल कर प्रयास करने का संकल्प लिया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय दत्तात्रेय पत्राले ने कहा की संस्था नौ राज्यों में कार्यरत हैं और दसवें राज्य के रूप में झारखंड में अपनी गतिविधियों का विस्तार करने पर काम कर रही है। भारत विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, वेशभूषा, खान-पान और संस्कृति का एक खूबसूरत गुलदस्ता है। भाषा, परिवेश, पहनावा आहार, परम्परा, संस्कृति थोड़ा अलग-अलग होने के बावजूद देश के जीवन और व्यवहार में भारतीयता का राष्ट्रीय स्वर है। देश का भाव, राग और ताल भारत है। भारत का उच्चारण करते ही यहां की समृद्ध परंपरा, वीरों के बलिदान ईश्वर आस्था और संस्कृति स्पंदन लेने लगती है। श्री पत्राले ने देश के विभिन्न प्रांतो की खूबियों, सेवा भाव, मेधा, शौर्य, क्रांतिकारी भावना और विविधताओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महानगरों, देश की राजधानियों और बड़े शहरों में रहने वाले विभिन्न प्रान्तों के लोगों को राष्ट्र समृद्धि के मुद्दे पर एक मंच पर लाने के काम में लगी है।

बैठक में बिहार, झारखंड , कर्नाटक, बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मणिपुर , मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों के मूल निवासी प्रतिनिधियों में भाग लिया। मैथिली भोजपुरी और छोटानागपुरी भाषा में भी चर्चा हुई। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत पंकज वत्सल ने किया। संचालन सुनील झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अभय कुमार ने किया। इस अवसर पर जनजाति सुरक्षा मंच के संदीप उरांव, महानगर संघचालक पवन मंत्री, सिख समाज के गुरविंदर सिंह सेठी तथा भारत भारती के संस्थापक विनय पत्राले को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुजराती समाज के अध्यक्ष सूर्यकांत राठौर, गुजराती महिला मंडल की अध्यक्ष मंगल राठौर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ सपम रणवीर सिंह, कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, मैथिली मंच के संस्थापक अरुण झा, अध्यक्ष विनय कुमार झा, झारखंड खत्री महासभा के अध्यक्ष किशोर खत्री, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी, गुरु नानक होम फार हैंडिकैप्ड चिल्ड्रन के रणजीत सिंह गिल, हरियाणा संघ के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय (बिहार-झारखण्ड) संयोजक संदीप उरांव, नागपुरी कला संगम के अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, मेघा उरांव, झारखंड ग्रामीण बैंक के निदेशक प्रेम मित्तल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, वीएचपी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित विभिन्न प्रान्तों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग सौ लोग उपस्थित थे।

## एचइसी की बदहाली के लिए केंद्र सरकार जिमेदार : राजद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि एचइसी की बदहाली के लिए पूरी तरह केंद्र सरकार जीमेदार है। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से केंद्र सरकार के गलत नीतियों और सौतेला व्यवहार के कारण एचइसी का हाल बेहाल है और उसमें कार्य कर रहे कर्मियों का भी हाल बेहाल है और केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है जो काफी चिंताजनक और अफसोस जनक है। डॉ. कुमार ने कहा कि एचइसी देश की बड़ी धरोहर है इसे बचाना अति आवश्यक है । केंद्र सरकार के भेद भाव की नीति के कारण आज यह बदहाली की स्थिति उत्पन्न हो गई है 18 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण मजदूर भुखमरी के कगार पर है झरखाखंड के भाजपा सांसद,मंत्री मूकदर्शक बने हुए है।केंद्र सरकार अविलंब एचइसी कर्मियों के वेतन का भुगतान करे। भाजपा की केंद्र करोड़ों करोड़ रुपए प्रचार प्रसार और हवाई भ्रमण में खर्च कर रही है किंतु जो देश की बड़ी धरोहर है उसे बचाने का कोई भी प्रयास न भाजपा की केंद्र सरकार कर रही और न ही झारखंड के भाजपा मंत्री , सांसद कर रहे है ।

# ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला भव्य जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईद मिलादुन्नबी पर रांची के ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों से गुरुवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व उलेमाओं ने की। जुलूस का संचालन एदारा ए शरीया के मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना डॉ. ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने संयुक्त रूप से किया।

जुलूस-ए-मोहम्मदी कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला, मौलाना आजाद कॉलोनी, गढ़ा टोली, रमजान कॉलोनी, थडपखना, पत्थलकुदुआ, गुदरी, कांके, भिट्ठा, बरियातू, हिंदपीढ़ी, पहाड़ी टोला, इस्लाम नगर, इलाहिबक्स कॉलोनी, कर्बला चौक, डोरंडा, पुनदाग, हटिया सहित रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुजरा।इस दौरान कुरैश कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी बेलाल कुरैशी ने जुलूस का भव्य स्वागत किया। साथ ही जुलूस में चल रहे लोगों को खजूर, पानी, चना, शर्बत और फल दिया गया। इस दौरान मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना डॉ. ताजुद्दीन रिजवी सहित अनेक उलेमाओं ने सभा को सम्बोधित करते हुए पैगम्बर मोहम्मद की जीवनी को विस्तार से बताते हुए उनके मार्ग पर चलने के साथ एक और नेक बनने की लोगों से अपील की। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमेटी की सराहना करते हुए कहा कि रांची आपसी सौहार्द की अद्भुत मिसाल है और इसे बरकरार रखना है। उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद के बताए राह पर चलने की बात कही।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** विधि व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे और शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस संपन्न हो, इसके लिए रांची जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य अधिकारी पल-पल की जानकारी ले रहे थे। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी थी। सभी डीएसपी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रख रहे थे।

### रांची में खानकाह मजहरिया मुनअमिया में किया गया मिलाद शरीफ का एहतेमाम

**रांची।** झारखंड में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर रांची के डोरंडा फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया में मिलाद शरीफ का एहतेमाम सज्जादा नशी हजरत सैय्यद शाह मौलाना अल्कमा शिबली कादरी ने आज किया। मिलाद शरीफ की शुरूआत हुजूरे पाक पर कसरत से दरूदे पाक पढ़ कर की गई। उसके बाद मिलाद ए मुस्तफा का एहतेमाम किया गया। मौके पर सज्जादा नशी हजरत मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी ने मिलाद शरीफ में आए लोगों को हुजूरे पाक की दुनिया मे आमद और उनके बताए बातों को जैसे इंसान और इंसानीयत की कामयाबी के रास्ते लोगों को समझाया। साथ ही लोगों के दिल में सभी के साथ प्रेम और भाईचारगी कैसे बड़े इस पर रौशनी डाली। वहीं छोटे, बड़े अमीर, गरीब अपना, पराया के भेद भाव को दूर कर सभी को गले लगाने और मोहब्बत बांटने की बातें बताई। अंत मे सलातो सलाम पढ़ राज्य मुल्क की कामयाबी आपसी भाईचारगी के दुआ के साथ मिलाद शरीफ का समापन हुआ। मौके पर मौलाना सैय्यद शाह अबू राफे तीबरानी, सैय्यद जैन कादरी, मो कमरू, मो सब्बीर, मो सेराज, मो साहब आदि ने शिरकत किया।

### राज्यपाल ने ईद मिलादुन्नबी की दी मुबारकबाद

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर सभी मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि आज पैगम्बर मोहम्मद (स.) के जन्मदिन पर हम सब सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़कर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें।

### मुख्यमंत्री ने लोगों को ईद मिलादुन्नबी की दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर उन्होंने देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब का सद्भाव, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम पूरे समाज को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। आप सभी स्वस्थ रहें, सुखी रहें, खुशहाल रहें, यही दुआ करता हूं।

#### चंदनकियारी की संकल्प सभा में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

# राज्य में गरीब भूखे मरने को मजबूर : मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ बोकारो**

संकल्प यात्रा के छठे चरण के दौरान गुरुवार को चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास कार्य के लिए केंद्र और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। पैसे लेकर अयोग्य व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है जबकि गरीब व्यक्ति भूखे मरने को मजबूर हैं। गढ़वा में मुसहर दलित का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच करते हुए एमओ बीडीओ के खिलाफ कार्रवाई आवश्यक है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गांव-गरीब किसानों के प्रति समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब घर से आते हैं। इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही शौचालय बनवाया। एक-एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में सीधे खाते में पैसे दिए। मरांडी ने कहा कि मोदी ने महिला आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन पर गैस सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने रोजगार नहीं तो भत्ता का वादा किया था लेकिन 2023 बीतने वाला है अब तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है।

# झारखंड के हितैषी शामिल हो रहे आजसू में : सुदेश कुमार महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी स्थित आजसू के प्रदेश कार्यालय में जेवीएम के पूर्व महासचिव खालिद खलील ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर खालीद खलील के साथ जेवीएम नेता डॉ.इंतजार अली, जिया उल हक, मिनहाज, एकरामा आमिश, शहबाज अमन, मो होजैफा समेत सैंकड़ों लोग शामिल हुए। आजसू मिलन समारोह में खालिद खलील ने कहा कि झारखंड के हित के लिए जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए आजसू की सदस्यता ग्रहण की । आजसू का विजन सबको साथ लेकर चलना है। उन्होंने कहा आजसू पार्टी अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण के प्रति सदैव सक्रिय रही है। अधिकतर दलों ने मुस्लिम समाज को ठगने का काम किया है। मुस्लिम नौजवान मुख्य धारा में आना चाहते हैं, लेकिन वर्तमान झारखंड सरकार उनके लिए कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने सबसे ज्यादा मुसलमानों को ठगा है। झारखंड में अगर मुसलमानों को उनका वाजिब हक कोई दिला सकता है, तो वह है आजसू पार्टी। उन्होंने कहा कि पार्टी को सशक्त बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएंगे। आजसू में आने के बाद आजसू पार्टी को इतना मजबूत कर दूंगा कि झारखंड में इसका दूसरा कोई विकल्प नहीं होगा। झारखंड में मुसलमान के बदतर हालात में लाने के लिए हेमंत सोरेन और कांग्रेस मुख्य रूप से जिम्मेदार है। झारखंड के अल्पसंख्यकों को को बिजली, शिक्षा ,स्वास्थ्य, सड़क की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। झारखंड के नौजवान आजसू पार्टी को गला लगाने के लिए तैयार हैं । इस मौके पर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि छात्र राजनीति से उभर कर प्रदेश की राजनीति में भाग लेने वाले अच्छे वक्ता खालिद खलील को पार्टी में स्वागत और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## शहीद

### झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा अभियान आज से

# अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को द प्रेस क्लब में एक प्रेस भेंट वार्ता मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा की गई। प्रेस भेंट वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समिति सदस्य (झारखंड) पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र कोलकाता चंद्रदेव सिंह ने बताया गया कि पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड के 10 प्रखंडों के 100 गांवों में अमृत कलश यात्रा अभियान चलाया जाएगा। जिसमें गांव स्तर से प्रखंड स्तर से और जिला स्तर से राज्य स्तर से मिट्टी एकत्र की जाएगी, जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा। इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। इस कार्यक्रम को करने के पीछे उद्देश्य की हमारे स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है जिनमें से कुछ स्वतंत्रता सेनानी तो ऐसे हैं जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम भी नहीं है, वह आजादी के लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुर्बानी के बारे में किसी को नहीं पता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सेनानियों को बारे में लोगों को बताया जाना है इसके साथ-साथ उनके नाम को एक स्मारक पट्टी पर अंकित भी किया जाएगा भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव को समापन के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंड बुंडू , सोनाहातू , राहे,तमाड़, इटकी सरायकेला जिले के कुकड़ू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जाएगा जिसमें कला जत्था की टीम भी साथ-साथ होगी जो गांव में प्रभात फेरी कर और देशभक्ति गीतों के साथ लोगों को इस अभियान में शामिल होने के लिए आग्रह करेगी और गांव स्तर पर अमृत कलश यात्रा में मिट्टी लेने का कार्य में सहयोग करेगी। कल दिनांक 29 सितंबर 2023 से या अमृत कलश यात्रा ऑर्डर हाउस से प्रारंभ होगी। एक अमृत कलश यात्रा रथ बनाया गया है जिसे कल निदेशक, संस्कृति के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी और यह झारखंड के 100 गांव में घूम कर मिट्टी एकत्र करने का कार्य करेगी। इस अमृत कलश यात्रा में लोक कलाकार होंगे जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति गीतों के माध्यम से पूरे राज्य में अमृत कलश यात्रा अभियान और मेरा देश मेरा माटी के बारे में लोगों को बतलाएंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा चलाई जाएगी।

# एसटी जाति प्रमाण पत्र के मामले में रघुवर दास ने हेमंत सोरेन को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एसटी सर्टिफिकेट जारी किए जाने के मामले में गुरुवार को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि अनुसूचित जनजाति समाज के हित में केरल हाई कोर्ट के फैसले को झारखंड में उतारने का काम करें। कार्मिक विभाग से अविलंब निर्देश जारी कराएं कि जो व्यक्ति जनजाति समाज के रीति रिवाज को नहीं मानते हों, उनका जाति प्रमाण पत्र निर्गत न किया जाये। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समाज की परंपरा और पहचान आपकी सरकार की वजह से संकट में है। पर्दे के पीछे से आपकी सरकार चलाने वाले चाहते हैं कि यहां का अनुसूचित जनजाति समाज मांदर की जगह गिटार पकड़ ले। ऐसे में सरना कोड के नाम पर आप जनजातीय समाज विशेष कर सरना समाज को गुमराह ना करें। अनुसूचित जनजाति समाज की सालों पुरानी मांग है कि स्थापित रीति रिवाज, पारंपरिक वेशभूषा और परंपराओं को मानने वालों को ही एसटी जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये। उन्होंने कहा है कि 1997 में केरल राज्य बनाम चन्द्रमोहन मामले में केरल हाई कोर्ट ने स्पष्ट फैसला सुनाया था कि अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का क्या-क्या आधार होना चाहिए लेकिन राज्य सरकार इस अहम मुद्दे पर मौन है।

**केरल हाई कोर्ट के निर्णय का सार :** आवेदक के माता एवं पिता दोनों ही अनुसूचित जनजाति के सदस्य होने चाहिए। उनके माता-पिता का विवाह संबंधित जनजाति के रूढ़ियों एवं परंपरा के अनुसार किया गया होना चाहिए। उनका विवाह जनजाति समाज द्वारा किया गया हो एवं उसे समाज के द्वारा मान्यता दी गई हो। आवेदक एवं उसके माता-पिता के द्वारा जातिगत रूढ़ियों, परंपराओं एवं अनुष्ठान का पालन किया जा रहा है। आवेदक एवं उसके माता-पिता के द्वारा अपने पूर्वजों की विरासत एवं उत्तराधिकार के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इन सब मामलों की जांच के पश्चात ही जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना चाहिए।

## गागर में सागर

### विधायक सीपी सिंह ने मधुकम में केस्टो मार्ट का किया उद्घाटन



**रांची।** विधायक सीपी सिंह ने गुरुवार को केस्टो मार्ट रिटेल इंडिया प्रा. लिमिटेड के एक और ब्रांच का उद्घाटन मधुकम (साई विहार कालोनी) में किया। मौके पर केस्टो मार्ट के मालिक अनाहूत विक्रम ने कहा कि उच्च गुणवता और न्यूनतम मूल्य के उत्पाद उपलब्ध कराये जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्पाद की गुणवता के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जायेगा। केस्टो मार्ट पीआरओ के बालाजी ने कहा कि रांची में कुल 17 ब्रांच खोले गए हैं। ये बीआईटी गेट, नेवरी (विकास); बूटी, चुटिया (राममंदिर) चुटिया (कृष्णापुरी), चुटिया- प्रेमसंस, गोपाल मार्केट ,अरगोड़ा, ऋषभ नगर आईएएस कालोनी (करटहल मोड़), टेंडर, रवि स्टील, ईमली चौक (हरमू); बर्धमान कम्पाउन्ड(लालपुर ), फिरायालाल जनक नगर (पिस्का मोड़) और हटिया में हैं। बालाजी ने बताया कि भविष्य में किसानों को भी कंपनी के साथ जोड़ा जायेगा जिनसे अनाज की सीधी खरीद होगी और प्रोसेसिंग करने के उपरान्त उच्च गुणवता वाले आर्गेनिक अनाज ग्राहकों को उपलब्ध करवाया जाएगा। आने वाले दिनों में केस्टो मार्ट के स्टोर में आयुर्वेदिक प्रोडक्टस भी कम दामों में उपलब्ध करवाया जाएगा।

### राउरकेला में थर्ड लाइन का काम शुरू, 29 से 15 अक्टूबर तक 75 ट्रेनें रद्द

**जमशेदपुर।** साउथ इंस्टर्न रेलवे जोन के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राउरकेला स्टेशन यार्ड में थर्ड लाइन के काम को लेकर रेलवे ने 13 दिन का प्री-एनआई वर्क और चार दिन एनआई वर्क का फैसला लिया है. इसको लेकर रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल की कुल 75 ट्रेनें रद्द करने का फैसला लिया है. जिसमें 28 ट्रेनें टाटानगर से होकर गुजरती है. यह ट्रेनें 29 सितंबर से रद्द रहेंगी. वहीं कई ट्रेनों के रूट को डायवर्ट और कई के समय में परिवर्तन किया गया है.

### धनबाद : कतरास के बरोरा में पेड़ से लटका मिला वृद्ध महिला का शव

**धनबाद।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कॉलोनी निवासी गंगिया नोनीयाइन (65 वर्ष) का शव संदेहास्पद अवस्था में घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर दरीदा पंचायत अंतर्गत कालीपुर मैदान के समीप एक पारस के पेड़ से लटका हुआ पाया गया. उक्त महिला अपने पुत्र बीसीसीएल कर्मी सुरेश चौहान के साथ मुराईडीह स्थित क़्वार्टर में रहती थी. जानकारी के मुताबिक महिला काफी लंबे समय से बीमार रह रही थी. महिला के पांच पुत्र हैं. वह अपने तीसरे पुत्र के साथ यहां रहती थी. पुत्र सुरेश चौहान के अनुसार उसकी मां कैंसर से पीड़ित थीं. वह गुरुवार की सुबह घर से बिना कुछ कहे निकल गई. घटना की सूचना पाकर बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल सदल बल मौके पर पहुंचे और जरूरी छानबीन की. पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया.

### घाटशिला : कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी बने तापस चटर्जी

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि तापस चटर्जी को घाटशिला विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है. अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन पर जिले में जिला महासचिव एवं विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति की गई है. तापस चटर्जी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने में अपना पूरा सहयोग करेंगे. इसके लिए पंचायत मंडल एवं प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक की जाएगी. उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया.

### टाटा मैजिक की टक्कर से स्कूटी सवार दो विद्यार्थी समेत तीन घायल

**चाईबासा।** चक्रधरपुर सोनुवा मुख्य मार्ग के जेनाबेड़ा गांव के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार मैजिक सवारी गाड़ी ने स्कूटी को टक्कर मार दी. इससे स्कूटी पर सवार दो स्कूली बच्चे समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि सिलफोड़ी के जलवे देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढ़ने वाले संजना तांती एवं रोहन तांती को उसके भाई अमन तांती स्कूटी पर लेकर सिलफोड़ी के जलवे देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर छोड़ने आ रहे थे. इसी दौरान एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक सवारी गाड़ी ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी. इससे तीनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. वहीं घटना के बाद टाटा मैजिक सवारी गाड़ी चालक लेकर फरार हो गया. घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहयोग से तीनों घायल को इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया.

### दूसरा दिन : गिरिडीह कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी आयोजित

# प्रदर्शनी हमें एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा देती है : डीएसई







**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई द्वारा गिरिडीह जिला प्रशासन के सहयोग से अमृत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश अभियान पर दिनांक 27 अगस्त, 2023 से गिरिडीह कॉलेज परिसर में चल रही तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के दूसरे दिन गिरिडीह के जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण कुमार तथा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग अभिनव कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए इसमें दी गई योजना संबंधी जानकारियों की सराहना की। तदोपरांत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, मेमेंटो और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि तथा डीएसई, विनय कुमार ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जिले में लगाई गई यह काफी अच्छी प्रदर्शनी है जिसका इसके दर्शकों पर एक ' लास्टिंग इंप्रेशन ' पड़ेगा। यह हमें एक बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा देने के साथ साथ हमारी देश प्रेम की भावना को भी जागृत करती है। क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी में एक तरह से पूरा जीवन चक्र दिखाया जा रहा है। नवजात शिशुओं के पोषण से लेकर बीते इतिहास का अमृत महोत्सव। इस प्रदर्शनी का निचोड़ हमारे स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार को सुधारने का काम करना है। वहीं गिरिडीह शिक्षा विभाग के सहायक प्रोग्राम अधिकारी श्री अभिनव कुमार ने छात्रों को कहा कि आप यहां से को भी सीख कर जाएं दूसरों को भी से बारे में बताए। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पांडेय ने सीबीसी धनबाद द्वारा लगाई गई इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के विषय वस्तु से सभी अतिथियों और दर्शकों का परिचय कराया। प्रदर्शनी स्थल पर गिरिडीह जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा पोषण अभियान पर आकर्षक स्टॉल भी लगाया गया है। आज की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान, गिरिडीह कॉलेज, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वेंगाबाद और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गिरिडीह शाखा के छात्रों ने हिस्सा लिया। साथ ही शिक्षक/ शिक्षिकाओं जैसे मोनिशा मित्र और प्रियंका कुमारी ने अहम योगदान किया। विभाग से जुड़े कला निकेतन के कलाकारों द्वारा महिलाओं और नवजात शिशु के पोषण विषय पर रोचक नाटक का भी मंचन किया गया। जागरूकता रथ को भी प्रदर्शनी पर जानकारी फैलाने हेतु दूसरे दिन भी गिरिडीह सदर में चलाया गया। कल प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि, उपायुक्त गिरिडीह, नमन प्रियेश लकड़ा के कर कमलों से संपन्न हुआ। साथ ही निदेशक डीआरडीए, गिरिडीह आलोक कुमार, संयुक्त निदेशक पीआईबी रांची अब्दुल हमीद, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी गिरिडीह रश्मि सिन्हा, गिरिडीह कॉलेज की प्राचार्या मधुश्री सन्याल, तथा गिरिडीह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कल गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे। वहीं जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी अति विशिष्ट अतिथि होंगी। जिला प्रशासन के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित होंगे।

### बिजली समस्या को लेकर जीएम से मिले पूर्व विधायक, कहा

# दर्जनों गांव में जला हुआ है ट्रांसफार्मर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** ट्रांसफार्मर जलने और बिजली की अनियमित आपूर्ति से बरही विधानसभा के लोग परेशान है. इसे लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव विभागीय जेनरल मैनेजर अशोक कुमार सिन्हा से मुलाकात कर शीघ्र समाधान की मांग किया. मौके पर अधिक्षण अभियंता सुधर कुमार भी मौजूद थे. पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि अनियमित विद्युतापूर्ति और लचार बिजली व्यवस्था से विद्युत उपभोक्ता परेशान और विभाग के खिलाफ आक्रोशित है. उन्होंने बताया कि बरही के भंडारों पंचायत अंतर्गत बैरिशाल, धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह, बरदाग और चौपारण प्रखण्ड के डेबो पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह, नवादा, पड़रिया पंचायत अंतर्गत इगुनिया और करमा पंचायत अंतर्गत वृंदावन में दो सौ सौ केवीए सहित दादपुर पंचायत अंतर्गत सिंहपुर भगहर, अम्बातरी, नावाडीह, अम्बातरी हरिजन टोला के 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर की दिनो से जला पड़ा है. पूर्व विधायक ने जीएम को बताया कि हजारीबाग से ट्रांसफार्मर लाने व ले जाने में लोगो को काफी परेशानी होती है. विधायक ने जीएम से बरही में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर खोलने का मांग किया.पूर्व विधायक की बातो को गंभीरता से लेते हुए जीएम ने भी बरही में शीघ्र ही ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर खोलने का आश्वासन दिया.

### चाईबासा : कांग्रेस भवन में मनी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती

**चाईबासा।** चाईबासा स्थित कांग्रेस भवन में गुरुवार को कांग्रेसियों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई. कांग्रेसियों ने आह्वान करते हुए कहा कि हमें भगत सिंह की कुबार्नी को याद करते हुए उनके द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलकर देश सेवा करने की शपथ लेनी चाहिए. देश के प्रति उनके जेहन में गजब का प्रेम था. युवाओं को उनके इतिहास को पढ़ना चाहिए. देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत माता के वीर सपूत, महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन. मातृभूमि के प्रति उनका समर्पण, त्याग एवं बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा. मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास आदि उपस्थित थे.

### मोरहाबादी में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन



रांची। आदिवासी समन्वय समिति भारत के द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर में 6 अक्टूबर 2023 को धरना प्रदर्शन करने की तैयारी के संबंध में गुरुवार को केन्द्रीय धूमकुड़िया,करम टोली चौक मोराबादी रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस संवाददाता सम्मेलन में कहा गया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से आदिवासियों को बाहर रखा जाए क्योंकि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) देश में लागू हो गया तो आदिवासियों के प्रथागत कानून खत्म हो जाएगा, संपत्ति का अधिकार खत्म हो जाएगा, यूसीसी लागू होने से पैतृक भूमि का विखंडन बढ़ जाएगा क्योंकि महिलाओं को पैतृक भूमि पर अधिकार मिल जाएगा इससे आदिवासी महिलाओं को गैर आदिवासी पुरुष से विवाह के पश्चात आदिवासी भूमि गैर आदिवासियों के पास चली जाएगी इससे आदिवासियों के जमीन बचाने के लिए जो नियम कानून विभिन्न राज्यों में बने हैं वह सब अप्रभावी हो जाएंगे। आदिवासियों के विकास के लिए बनाए गए पांचवी अनुसूची और पेसा कानून सब अप्रभावी हो जाएंगे।

### रामगढ़ : पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात की



**रामगढ़ ।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के प्रतिनिधिमण्डल ने 27 सितम्बर को उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात किया. प्रतिनिधिमण्डल ने बुके देकर उपायुक्त का स्वागत किया. इसके उपरांत विस्तार पूर्वक प्रांतीय और जिला की टीम ने पुरानी पेंशन में हो रहे बदलाव की जानकारी उन्हें दी. तत्पश्चात कैशलेस बीमा लागू होने को लेकर हर्ष व्यक्त किया गया. साथ ही सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करने एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की प्रोन्नति को लेकर चर्चा की. संगठन द्वारा बताया गया कि दिल्ली के रामलीला मैदान में हो रहे एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के पेंशन शंखनाद रैली में शामिल होने के लिए रामगढ़ से कर्मचारी जा रहे हैं. इस अवसर पर प्रांतीय टीम के संयुक्त महासचिव लोकेश कुमार,प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप, जिला संयोजक श्याम किशोर महतो,कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी चौबे, बुद्धदेव मुंडा,विजय राम, अजीत कुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार,त्रिलोकी नाथ महतो, उपेंद्र कुमार, मेघनाथ महतो,राजहंस चौधरी, परमानंद कुमार, विकास कुमार साथी उपस्थित थे.

### अनन्त चतुर्दशी पर महिलाओं ने रखा व्रत

**चाईबासा।** मनोहरपुर और आनंदपुर में श्रद्धा भक्ति के साथ गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत मनाया गया. महिलाओं ने दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को घर में विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की. कच्चे धागे में 14 गांठ बाधकर पूजा की गई. भगवान विष्णु की पूजा के बाद उनसे सम्बंधित कथा सुनी गई. श्रद्धालुओं ने पुत्रों की दीघार्यु, सलामती व संकट हरने का आशीर्वाद मांगा. अनन्त सूत्र को पुरुषों ने दाहिने और महिलाओं ने बाएं हाथ में बांधा. मंदिरों में भगवान विष्णु के दर्शन-पूजन के बाद ब्राह्मणों को दान देकर पुण्य लाभ उठाया. मुनि आश्रम मंदिर मनोहरपुर के महंत आचार्य मथुरानंद तिवारी ने बताया कि हर वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है. तदनुसार, इस वर्ष 28 सितंबर को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जा रहा है. यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है.

# कोयलांचल में मना जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पूरे कोयलांचल में 28 सितंबर गुरुवार को पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिवस पर हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी मनाया गया. शहर के कबाड़ी पट्टी, रमजान मंजिल, अली नगर, शमशेर नगर, रहमतगंज, गुलजारबाग, करीमगंज, कमर मखदुमी से भव्य जुलूस ए मुहम्मदी निकाला गया. जुलूस में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए जश्न ए ईद मिलादुन्नबी में सराबोर थे. सभी की जुबान पर सरकार की आमद मरहब्बा के नारे लगा रहे थे. जुलूस हर क्षेत्र का भ्रमण करते श्रमिक पहुंचा. वहां नौजवान कमिटी पुराना बाजार व महरूम मोहम्मद इरफान खान वेलफेयर कमिटी की ओर से विशाल मंच बनाया गया था. इस अवसर पर अलग अलग कमेटियों, राजनीतिक व सामाजिक संस्था के लोग भी जुटे. सभी ने जुलूस का भव्य स्वागत कर किया. इस मौके पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों का नजारा भी बदला बदला सा दिखा. सड़क, मुहल्ले, गली, चौक चौराहों पर सजावट थी, जिसकी छटा देखते ही बन रही थी. सभी जगह जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की विशेष तैयारी की गई थी. सड़कों पर लगी फुलझड़ियां व बड़े बड़े इस्लामिक झंडे पर्व की महत्ता का बखान कर रहे थे. झरिया के जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, शमसेर नगर, नीचे कुल्ही, हुसैन नगर, शिमलाबहाल, ईस्ट भगतडीह, फुसबंगला, डिगवाडीह, रमजान पुर आदि क्षेत्रों से भी विशाल जुलूस निकाला गया, जो क्षेत्र का भ्रमण कर अपने अपने इलाके में वापस लौट गया. कुछ क्षेत्रों में जुलूस के बाद उलेमाओं ने तकरीर की. तकरीर में उलेमाओं ने मुहम्मद साहब की जीवनी पर रोशनी डाली. दुनिया में इंसानियत व अमन का पैगाम देने वाले मुहम्मद साहब के बताए मार्गो पर चलने की अपील की.

## तैयारी

### स्वास्थ्य मंत्री, सांसद और आदित्य साहू होंगे शामिल

# 12 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** डॉ. राममनोहर लोहिया के 56वीं पुण्यतिथि पर 12 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी स्थित 'संगम गार्डन सभागार' में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है. इस कार्यक्रम में कई अतिथियों को आमंत्रित किया जा रहा है. इसी आलोक में अब तक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल (गुड़गांव), पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी (गिरिडीह), झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने आने की सहमति दे दी है. जबकि विधायक विरंची नारायण (बोकारो), मनीष जायसवाल (हजारीबाग), ढुल्लू महतो (बाघमारा), आलोक चौरसिया (डालटेनगंज), अमित मंडल (गोड्डा), सुदिप्य कुमार सोनू (गिरिडीह), अंबा प्रसाद (बड़कागांव), पूर्व महाधिवक्ता अजित कुमार (हाइकोर्ट, रांची) आदि को भी आमंत्रित किया गया है. स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर आज 28 सितंबर को रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया. सर्वप्रथम सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिला अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और संकल्प लिया कि वे समाज, राज्य और देश हित में काम करने के लिए तत्पर रहेंगे. इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि 5वां स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी सांगठनिक क्षमता, त्याग-तपस्या और समर्पण की भावना का परिचय देते हुए कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से हम सफल होंगे. इस अवसर पर प्रचार सामग्री का भी वितरण किया गया और गांव, प्रखंड स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया. बैठक में सर्वसम्मति से युवराज साहु को छात्र मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया. इस बैठक में मुख्य रूप से तैयारी समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, मोहन साव, अश्विनी साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# रघुवर दास भी शामिल होंगे वैश्य मोर्चा के स्थापना दिवस समारोह में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज शाम को वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से रांची के धुर्वा स्थित आवास पर जा कर मिला और उन्हें 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5वां स्थापना दिवस समारोह में आने का निमंत्रण दिया. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे स्थापना दिवस समारोह में अवश्य शामिल होंगे. इसके पूर्व वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को बुके देकर सम्मानित किया. प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, मोहन साव, संजीव चौधरी, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उपेन्द्र प्रसाद, दिनेश्वर मंडल, अनिल वैश्य, लखन अग्रवाल, कृष्णा साहु, नरेश साहु, राजकुमार मंडल, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, करण मंडल, युवराज साहु आदि शामिल थे.

## गागर में सागर

### बरकट्ठा में सल्फास की गोली खाने से युवक की मौत, परिवारों में मातम

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका पंचायत अंतर्गत ग्राम बसरिया के 25 वर्षीय युवक मोहर राणा पिता सामु राणा ने बुधवार को सल्फास की गोली खा लिया। जहर खाने की भनक लगते ही परिजनों ने आनन -फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। वहीं चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए,प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया ,जहां इलाज के दौरान देर शाम युवक की मौत हो गई। परिजनों व ग्रामीणों के मुताबिक घटना पति-पत्नी के बीच घरेलू लड़ाई झगड़ा को बताया जा रहा है । मृतक अपने पीछे दो बच्ची और पत्नी को छोड़कर चल बसे,घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### महाबर बाबा पहाड़ मंदिर में 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम धरहरा स्थित प्रसिद्ध महाबर बाबा पहाड़ के मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया।इस निमित धरहरा,घंघरी, झुरझुरी के लोग मुख्य रूप से शामिल हुए। कीर्तन की शुरूआत मुख्य अतिथि जिप सदस्या कुमकुम देवी एवं मुखिया मुन्नी देवी के द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया।वहीं कार्यक्रम स्थल को आकर्षक लाइट व डीजे से सजाया गया। मौके पर कुमकुम देवी ने कहा कि भजन कीर्तन से वातावरण शुद्ध होता है तथा मन में पवित्रता एवं शांति मिलती है। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रामलखन पंडित, सचिव अर्जुन दास, कोषाध्यक्ष बिजय साव, मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, छोटी सिंह, नगीना सिंह, छोटीलाल प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, संजय प्रसाद, डिल्लू गुप्ता, साहेबराम सोरेन, कमल किशोर प्रसाद, मनोज सिंह, लालमोहन प्रसाद,रामेश्वर पासवान, संजय कुमार, मनोज प्रसाद,रीतलाल पंडित,हेमलाल यादव, मुनीलाल प्रसाद,राजेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार समेत सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर एचडब्लूसी का राज्य में उत्कृष्ट स्थान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेड़ोकला स्थित स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र(एचडब्लूसी) ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर 95% अंक लाकर राज्य भर में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विदित हो कि राज्य भर में जितने भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) द्वारा सर्टिफाइड स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र हैं उसमें बेड़ोकला अपने सभी मानकों पर अव्वल रहा। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के बीपीएम रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुए खुशी जाहिर की। साथ ही कहा कि बेड़ोकला केंद्र ने सभी मानकों में खरा उतरा है जो पूरे क्षेत्र वासियों के लिए गौरव की बात है।

### शौर्य जागरण रथ यात्रा सह धर्म सभा की सफलता को लेकर संपर्क अभियान



**बरही ।** आगामी एक अक्तूबर को विहिप और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जानेवाली शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान जोरों पर है. करियातपुर पंचायत सहित आस पास के सभी पंचायत में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगो से यात्रा में शामिल होने की अपील की जा रही है. इस कार्य में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद काफी उत्साहित है. अपने पंचायत में बैठक कर अधिकाधिक संख्या में लोगों से शामिल होने का अपील कर रहे है. इस कार्य में चंदन केसरी, संतोष प्रजापति, कैलाश केसरी, मुन्ना सोनी, संतोष केसरी, धर्मेंद्र प्रजापति आदि सहित विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा निरंतर बैठक जारी है. प्रस्तावित यात्रा में पांच हजार से भी अधिक लोगो की जुटने की संभावना बताई जा रही है.

## दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन जैन मंदिरों में भक्तों ने किया जलाभिषेक, पंडित नयन शास्त्री बोले

# ब्रह्मचर्य धर्म धारण करनेवाला प्रभु का लघुनंदन

### अनंत चतुर्दशी पर निकली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जैन धर्म का दस दिवसीय दशलक्षण पयूर्षण महापर्व के अंतिम दिन दोनों दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांति धारा व भगवान 1008 वासुपूज्य स्वामी जी का मोक्ष कल्याणक निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया. महापर्व के उत्तम ब्रह्मचर्य के दिन सभी भक्तों ने पूजा-अर्चना और पाठ किया. पंडित नयन जी के सानिध्य में चल रहे 13 दीप महामंडल विधान में बड़े ही भक्तिभाव, उल्लास और उमंग के साथ सभी भक्तों ने पूजा अर्चना की. पंडित नयन जी शास्त्री सागानेर ने उत्तम ब्रह्मचर्य पर अपने मंगल प्रवचन में कहा कि ब्रह्मचर्य ही जीवन है. इसमें ही आनंद, सुखसागर और अपार शांति है. आत्मा में रमने का नाम उत्तम ब्रह्मचर्य है. उत्तम ब्रह्मचर्य महान व्रत है. यही कारण है कि जब नौ धर्म धारण होंगे, तभी दसवां ब्रह्मचर्य धर्म धारण होगा. जिसने ब्रह्मचर्य धर्म को धारण किया है, वह भगवान का लघुनंदन है. दोपहर में अनंत चतुर्दशी पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. दशलक्षण पर्व की समाप्ति और अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर बाडम बाजार से निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पांडोकशिला पहुंची. पंडोकशिला में श्री जी का अभिषेक व शांति धारा का कार्यक्रम हुआ. वहां से फिर नगर भ्रमण कर शोभायात्रा बाडम बाजार में समाप्त हुई. सभी पुरुष श्वेत और महिलाएं केसरिया परिधान धारण कर शोभा यात्रा की शान बढ़ा रही थी. भजन मंडली की टीम शोभा यात्रा में भजनों से सभी का मन मोह रही थी. श्री जी की पालकी को लेकर भक्तगण श्वेत वस्त्र में चल रहे थे. सभी लोगों ने धूप अर्जन किया और जगह-जगह श्री जी की आरती उतारी गई. पूरा नगर जयकारों से गूंज रहा था. संध्या में दोनों मंदिरों में भव्य महाआरती, णमोकार जाप, भक्तामर पाठ और शास्त्र वाचन पंडित नयन जी ने कराया. रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व पारितोषिक वितरण का कार्यक्रम जैन युवा परिषद की ओर से किया गया.

## रामगढ़ में जैन समाज ने की उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगम्बर मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के 10वें दिन 28 सितम्बर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा विधिपूर्वक संपन्न हुई । दशलक्षण महापर्व के 10 वें दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में श्रीजी को पालकी में विराजमान कर भव्य पालकी यात्रा निकाली गई । पालकी यात्रा श्री दिगम्बर जैन मंदिर से आरम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई । पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए । 10 वें दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य योगेश सेठी, दीपक शास्त्री, जीवनमल जंबू पाटनी,डॉ महेश जैन, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, नागरमल गंगवाल को प्राप्त हुआ ।जबकि रांची रोड अशोक काला को 10वें दिन जलाभिषेक का सौभाग्य मिला । दशलक्षण महापर्व के 10वें दिन शांतिधारा का सौभाग्य विद्या प्रकाश पदम चंद छाबड़ा, इन्दरमणी देवी चूड़ीवाल, हीरालाल जी ,राजेन्द्र पाटनी,ललित चूड़ीवाल , सिद्धार्थ चूड़ीवाल,राजेंद्र चूड़ीवाल,राजेश चूड़ीवाल निर्मल सेठी खूंटी वाले को प्राप्त हुआ ।10वें दिन महाआरती का सौभाग्य अनिल बगरा व रीना बगरा को प्राप्त हुआ ।उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के सम्बन्ध में पंडित दीपक शास्त्री ने बताया की कामसेवन का मन से, वचन से तथा शरीर से परित्याग करके अपने आत्मा में रमना ब्रह्मचर्य है। उन्होंने कहा की संसार में समस्त वासनाओं में तीव्र और दुर्द्धर्ष कामवासना है। इसी कारण अन्य इन्द्रियों का दमन करना तो बहुत सरल है किन्तु कामवासना की साधन भूत काम इन्द्रिय का वश में करना बहुत कठिन है। छोटे-छोटे जीव जन्तुओं से लेकर बड़े से बड़े जीव तक में विषयवासना स्वाभाविक (वैभाविक) रूप से पाई गई है। सिद्धांत ग्रन्थों ने भी मैथुन स्ंज्ञा एकेन्द्रिय जीवों में भी प्रतिपादन की है। कामातुर जीव का मन अपने वश में नहीं रहता। उसकी विवेकशक्ति नष्ट-भ्रष्ट हो जाती है। पशु तो कामवासना के शिकार होकर माता, बहिन, पुत्री, स्त्री आदि का भेदभाव करते ही नहीं। सभी को समान समझ कर सबसे अपनी कामवासना तृप्त करते रहते हैं। इसी कारण उन्हें पशु (समान पश्यति इति पशु) कहते हैं। परंतु कामातुर मनुष्य भी कभी कभी पशु सा बन जाता है। श्री दशलक्षण महापर्व के 10वें दिन के कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ,उपाध्यक्ष अरविंद सेठी,सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा ,जम्मू पाटनी,रमेश सेठी,देवेंद्र गंगवाल ललीत चूरीवाल, राजू सेठी, राजू पाटनी,पदम चंद छाबड़ा, मनोज काला, अशोक काला, किशोर काला सौरभ अजमेरा,राजेंद्र चूड़ीवाल अशोक चूड़ीवाला ,विवेक अजमेर गौरव अजमेर ,अंकित जैन, सुमित जैन, विनोद जैन ,नीरज सेठी,निशांत सेठी ,शांतिलाल सेठी,मांगीलाल चूड़ीवाल , पदम चंद छाबड़ा,सुशील चूड़ीवाल, प्रदीप पाटनी, अजय जैन ,प्रवीण पाटनी,डॉ शरद जैन ,महावीर प्रसाद गंगवाल, ललित गंगवाल ,नितिन पाटनी,वीरेंद्र गंगवाल ,रमेश सेठी, संजय सेठी, राहुल जैन, विकास रापड़िया , सुमट जैन आदि समाज के कई लोग शामिल हुए ।

## तीन दिवसीय महाधिवेशन में पूरे प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता में होंगे शामिल : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में छावनी परिषद कमेटी की बैठक आयोजित की गई । जिसके मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि अनुज तिवारी,विभन सिंह, कुलदीप वर्मा उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल एवं संचालन सचिव नीरज मंडल द्वारा किया गया। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मनोज कुमार महतो ने बताया कि पूरे प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता तीन दिवसीय महाधिवेशन में होंगे शामिल। आजसू पार्टी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाधिवेशन में प्रथम एवं द्वितीय दिन पूरे झारखंड से 5 हजार पदेन पदाधिकारी भाग लेंगे और अंतिम दिन खुला अधिवेशन है जिसमे पूरे झारखंड से 1 लाख से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर झारखंड की दिशा और दशा को तय करेंगे। उन्होंने बताया कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में होने वाले महाधिवेशन को राज्य का अधिवेशन बनाना चाहते है,इसके लिए राज्य के प्रत्येक गांव का प्रतिनिधित्व महाधिवेशन में शामिल होंगे।प्रदेश के सभी युवाओं, महिलाओं,बुजुर्गों की समस्यओं, विचारों और सुझावों पर मंथन हेतु पार्टी के महाधिवेशन का आयोजन हो रहा है। यह अधिवेशन आजसू के 1 लाख पदेन पदाधिकारियों का नही,बल्कि झारखंड के सभी सवा 3 करोड़ लोगों का अधिवेशन होगा।इस आयोजन में राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होंगे और राज्य के विभिन्न विषयों पर विचार का आदान प्रदान करेंगे। महाधिवेशन में पार्टी के भावी कार्यक्रमों के साथ साथ पूर्व में हुए कार्यक्रमों पर भी चर्चा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राकेश सिन्हा,विक्की ठाकुर,सतीश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ में शहीद भगत सिंह की जयंती मनी

**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में 28 सितम्बर को शहीद भगत सिंह जयंती मनाई गई । मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि भारत के अमर शहीदों में सरदार भगत सिंह का नाम सबसे प्रमुख रूप से लिया जाता है। कहा की उनके विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है। विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह आज भी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं वह आजादी के लिए जेल गए और सजा होने पर हँसते हँसते फाँसी के फन्दे पर झूल गए लेकिन आखिरी साँस तक इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। विभाग की व्याख्याता डॉ. ममता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर उनके क्रांतिकारी विचारों एवं अनमोल वचनों को याद करें ताकि आपकी रंगों में भी देशभक्त की भावना का संचार हो सकें।

### रामगढ़ नागरिक मंच ने सम्मान समारोह में अंग वस्त्र देकर अमित साहू का किया स्वागत



**रामगढ़ ।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने के बाद झंडा चौक में रामगढ़ नागरिक मंच के सदस्यों द्वारा अमित साहू के स्वागत में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामगढ़ नागरिक मंच के संस्थापक सदस्य सरदार अनमोल सिंह ने कहा कि हम लोगों के यह गर्व की बात है कि आज हम लोग के बीच का कोई व्यक्तित्व इतने ऊंचे अहोदे पर पहुंचा है। हम सभी लोग इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता उर्फ छोटू जी, सुनील मालाकार, रतन कुमार, बुद्धदेव गुप्ता, धीरज कुमार साहू, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, उत्तम कुमार, रघु साहू , मिट्ठू रजक, बैजू कुमार, सोना कुमार, राजीव कुमार, गौतम साहू सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

### बरकट्ठा में पूर्व विधायक ने किया भक्ति जागरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गयपहाडी में आयोजित मनसा देवी पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत द्वीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, ड़ॉ आर सी प्रसाद मेहता, उपप्रमुख सूरजी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया गंगपांचो चिंता देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों को कमेटी के सदस्यों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं बोकारो से आये अशोक कुमार की टीम ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों के माध्यम से लोगों को खूब झुमाया। मौके पर मनोहर चौधरी, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, मुखिया प्रतिनिधि जुगल राम, रमेश प्रसाद, तुलसी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, उपेन्द्र शर्मा, अरविंद प्रसाद, प्रकाश सिंह, दयानंद प्रसाद, लीलधारी पासवान, हीरालाल प्रसाद, किशुन पंडित, रामकिशुन राम, दुलारचंद ठाकुर, महेंद्र ठाकुर समेत आदि ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

### प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को लेकर बैठक

**बरही ।** आगामी 7 अक्तूबर को विधायक उमाशंकर अकेला के आवासीय परिसर में शहीदे आजम भगत सिंह सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियो के प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा. इस अवसर पर विधानसभा स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. जिसमें कई जनप्रतिनिधि, आलाधिकारी व हजारों की संख्या में विस सहित राज्यभर से लोग पहुंचेंगे. विधायक ने लोगों से भाग लेने और सफल बनाने का आह्वान किया. बैठक में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बासुदेव यादव, छट्ठू गोप, गाजो यादव, मुखिया मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## भाजपा मंडल इकाई बेड़ोकला की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचफेड़ी चौक में भारतीय जनता पार्टी बेड़ोकला मंडल इकाई की बैठक हुई। अध्यक्षता बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद व संचालन महामंत्री इन्द्रदेव यादव ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रुप में जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की मजबूती और विस्तार पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर बैठक में रीतलाल चौधरी, रीतलाल प्रसाद, द्वारिका नाथ पासवान, छोटेलाल प्रसाद मेहता, दिलीप कुमार, रवीन्द्र कुमार, शंकर ठाकुर, अनिल कुमार आजाद, मुरलीधर मेहता, अशोक रविदास, खूबलाल प्रसाद, खूबलाल महतो, राजेश कुमार, मंजूर आलम, सुरेन्द्र ठाकुर, भुनेश्वर प्रसाद, राजू पासवान, नारायण प्रसाद, हीरालाल महतो, जागो भुइयां, रामदेव यादव, कामेश्वर प्रसाद, सरयू प्रसाद, दयानंद प्रसाद, कैलाश यादव, अशोक कुमार यादव, सिकेंद्र यादव, द्वारिका महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**उत्साह** | बरही में निकला जुलूस, डीजे पर पाबंदी, प्रशासन तैनात

# अकीदत के साथ मनाया ईद मिलादुन्नबी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** ईद उल मिलादुन्नबी का त्योहार बरही में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. त्योहार को लेकर जामा मस्जिद, मक्का मस्जिद, अक्शा मस्जिद आदि सहित विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार बना कर सजाए गए थे. इस अवसर पर कोनरा, बरही पश्चिमी आदि पंचायतों के विभिन्न मुहल्ले से जुलूस निकाले गए थे. जिसमे नज्म पढ़े जा रहे थे. वही हाथो में झंडे लेकर बच्चे नबी की याद में नारे लगा रहे थे. इस दौरान बरही चौक, धनबाद रोड आदि क्षेत्रों में खचाखच भीड़ देखी गई. जिसे शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए जगह पर पुलिस के जवान तैनात किए गए थे. जिसका कमांड स्वय इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह कर रहे थे. जिसकी निगरानी बरही चौक पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सी आर इंदीवर, सीओ रामनारायण खलखो कर रहे थे। जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी आदि कई लोगो सार्थक सहयोग कर रहे थे. जुलूस में जमा मस्जिद के मुशरफुल कादरी, मक्का मस्जिद के हाफिज अब्दुल कयूम, मदीना माजिद के हाफिज कलीमुद्दीन रिजवी, अक्शा मस्जिद के मौलाना रिजवान अली सहित मौलाना मोनाजिर हुसैन, हाफिज मो फिरोज, मो कयूम अंसारी, सचिव मो शमीम, सदर मो मुस्ताक, मो हाफिज अंसारी, मो फारूक, मो रिजवान, मो सहाबुद्दीन, को अफरोज, मो रियाजुल, डॉ हैदर अली, मो निजामुद्दीन, को कलाम, में इजहार, मो शमशेर, मो काफिल आदि सहित सैकड़ों लोग शामिल थे.

## बरकट्ठा में जश्न-ए-मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में जश्न-ए-मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। पर्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न स्थानों में रंग बिरंगे फुलझड़ियां व लाइट से सजाया गया। वहीं लोगों ने अपने अपने घरो व मस्जिदों के आस पास इस्लामी झंडे लगाए। पर्व को लेकर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली गई। इसमें कोनहराखुर्द मजार शरीफ, कोनहराकला, बरकट्ठा डीह, बरवां, शिलाडीह, बरकट्ठा बाजार समेत अन्य स्थानों में सैकड़ो की संख्या में लोग गाजे बाजे के साथ व हाथों में झंडा, बैनर आदि लिए नारा लगाते शामिल हुए। जुलूस बरकट्ठा मेन रोड़, प्रखंड मुख्यालय, परबत्ता, बरकट्ठा थाना का भ्रमण करते हुए मुख्य चौक पर एकत्रित हुई। मौके पर रजा जामा मस्जिद के ईमाम मतीनुर रहमान ने पुरी दुनिया के तरक्की, अमन चैन, शांति, भाईचारगी व मिल्लत कायम के लिए दुआ किया। जुलूस ए मोहम्मदी में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, समाजसेवी कलीम खान, जेएमएम नेता मो यासिन खान, नसीम खान, सत्तार खान, मिनहाज अहमद, युसूफ खान, जसीम खान, मौलवी मेराज खान, जाहीद खान, हाजी फहीम खान, गफ्फार खान, सन्नी खान, चांदनूर वारिस, इमरान खान, सहबाज खान बन्टी, जया अहमद, समीर अहमद, अयान अहमद, अब्दुल शकूर अंसारी, समेत छोटे छोटे बच्चे भी उमंग के साथ जुलूस में शामिल थे। बरकट्ठा के अलावे प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, तरबेचवा, कोनहराकला, घंघरी, बंड़ासिंघा, जमुआ, बेड़ोकला, तुईयो, कलहाबाद आदि गांवों में भी पूरे उत्साह व उमंग के साथ जुलूस-ए मोहम्मदी निकाली गई।

## गागर में सागर

### मुआवजा मिलने तक अपनी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने देंगे : ग्रामीण



**श्री बंशीधर नगर।** एनएच 75 भू स्वामित्व संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक बभनी पेट्रोल पंप के समीप बिरेंद्र प्रताप देव उर्फ बबन देव की अध्यक्षता हुई। इसमें बभनी, महदेईया, सरहस्ताल, जोरमा, हलीवन्ता खुर्द, हलीवन्ता कला, गंगटी,एवं बिलासपुर ग्राम के लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उचित मुवावजा नहीं मिलेगा तब तक हम अपनी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। ग्रामीण महेंद्र सिंह ने मुआवजा को लेकर सरकार की नीतियों को कोसते हुए कहा कि काफी दिनों से ग्रामीण संघर्ष कर रहे हैं। हमें लगता है कि ग्रामीणों को मुआवजा देने को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। हमारी सीमा से सटे ग्राम नरखोरिया में कृषि योग्य भूमि का 2,76,080 रुपये के हिसाब से भुगतान किया गया है। ग्रामीण राजेश जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा हमारी जमीन का जो मुआवजा लगाया गया है उससे हम सभी ग्रामीण काफी आहत है। सरकार दोहरा मापदंड अपना रही है। कृषि भूमि का अधिक मूल्य और व्यावसायिक भूमि का कम मुआवजा क्यों? सरकार ग्रामीणों को आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रही है। मौके पर बिरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, विजय सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, सुखविंदर राम, प्रशांत सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्रिका सिंह, रामप्रसाद ठाकुर, मुरलीधर ठाकुर, राजेश जायसवाल, रामप्यारी साह, मिठू जायसवाल, अनिल जायसवाल, ब्रजनाथ चौबे, तारकेश्वर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने कलाकारों को बांटा अंग वस्त्र

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के ग्राम मंगरा टोला- विवाटिकर में प्रकृति पर्व करम पूजा के अवसर पर बुधवार की शाम सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने झूमर नृत्य करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड नाजीर रामानुज शुक्ल, कर्णपुरा मुखिया अजित कुमार पांडेय, गम्हरिया मुखिया पानपति देवी, रमना मुखिया प्रतिनिधि विरंची पासवान, जसवंत पासवान, राजिंद्र उरांव, वार्ड सदस्य दिलवा देवी, विनय ठाकुर, प्रदीप कुमार, शैलेंद्र सिंह, दीपक पासी, ग्रामीण मुन्ना राम, प्रदीप मेहता, जमुना उरांव, सरदार उरांव, सत्येंद्र पाल, कृष्ण पाल, शंभू उरांव, प्रदीप पाल, प्रदीप उरांव आदि मौजूद थे।

### सामुदायिक शौचालयों की सफाई की

**मझिआंव।** नगर विकास विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता हीं सेवा के तहत नगर पंचायत मझिआंव अंतर्गत सभी सामुदायिक शौचालयों का विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें बाजार समिति परिसर, डांक बंगला, रेफरल अस्पताल के सामने, विवाह भवन के पास अवस्थित शौचालयों की विशेष सफाई किया गया एवं आमजनों की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्था की गई। मौके पर नगर प्रबंधक जीतेश कुमार, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, वार्ड जमादार अनिल कुमार, संत कुमार एवं अनुज कुमार के साथ सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने मध्य विद्यालय चेचरीया का निरीक्षण किया। मुखिया प्रतिनिधि ने विद्यालय की साफ सफाई उपस्थिति पंजी और मध्याह्न भोजन की जांच की। जांच में पाया कि दो शिक्षकों की अनुपस्थित रहने के कारण विद्यालय के बच्चे कैंपस खेल रहे हैं। विद्यालय के बच्चों ने मुखिया प्रतिनिधि से शिकायत करते हुए कहा कि विद्यालय में सिर्फ दो से तीन विषय का ही पढ़ाई होता है। उन्होंने शिक्षकों को फटकार लगाते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों को गुणवता पूर्ण शिक्षा देने की बात कही।

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**मेराल।** पतंजलि योग समिति के मेराल इकाई द्वारा गुरुवार को शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। पतंजलि योग समिति के प्रदेश सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, गढ़वा के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, बसपा नेता शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉक्टर लालमोहन, मुखिया राम सागर महतो विजय प्रसाद आदि ने भगत सिंह की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। एसडी मेमोरियल के निदेशक बृजेश मिश्रा ने भी भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर डॉक्टर लालमोहन, मदन यादव, बीजेश्वर प्रजापति, विजय प्रसाद यासीन अंसारी, विवेकानंद चौबे,भरत भूषण तिवारी आदि उपस्थित थे।

### पंचकरमा गृह के फर्श की ढलाई पूरी

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया पंचायत अधौरा स्थित शक्तिपीठ मांडर महारानी मंदिर के पंचकरमा गृह के फर्श की ढलाई पंचायत के मुखिया गायत्री देवी एवं ग्रामीणों के श्रमदान से पूरी की गई। ढलाई की शुरुआत मुखिया गायत्री देवी ने की। ढलाई कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, मुखिया पति अनिल चौबे, शोभनाथ मेहता, महेंद्र पासवान, नागेंद्र यादव, महेंद्र सिंह सहित महिला पुरुष ने में भाग लिया।

# सुरेश मुसहर की मौत मामले में उच्चाधिकारियों ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के डंडई गांव में निवास कर रहे एक मुसहर की भोजन के अभाव में मौत होने के मामले में गुरुवार को जिले के उच्च अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। उप विकास आयुक्त राजेश राय व अनुमंडल पदाधिकारी राजमहेश्वराम ने मृतक की पत्नी उर्मिला देवी के साथ-साथ उसके चार पुत्रों से भी पूछताछ की। पत्नी उर्मिला ने बताया कि भूखे प्यासे रहने के कारण उसके पति की मौत हो गई है। इसी तरह मृतक के पुत्रों ने भी अपने पिता की भूख से मौत होने की जानकारी उक्त अधिकारियों को दी।

इसके बाद जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने को लेकर उक्त लोगों से पदाधिकारियों ने बात की। इसके बाद परिजनों में किसी के द्वारा सत्तू खिलाने की बात बताई गई तो किसी के द्वारा इलाज करने की बात। वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि मुसहर की मौत भूखे प्यासे रहने के कारण ही हुई है। डीलर की दुकान से पिछले पांच महीना से राशन नहीं मिल रहा था। इससे पहले पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे वीडियो सोमा उरांव व सीओ चोनाराम हेम्ब्रम को भी मृतक की पत्नी व उनके पुत्रों ने भूख से ही सुरेश मुसहर की मौत होने की बात



कही थी। उन्होंने कहा कि घर में किसी भी तरह का खाने का सामान नहीं था, जिस कारण तीन-चार दिनों से वह भूखे थे। भूख के कारण ही सोमवार को उनकी तबीयत खराब हुई और चिकित्सकों के पास ले जाते तक उनकी मौत हो गई। उन्होंने उक्त अधिकारियों को बताया कि हम लोगों को ग्रीन कार्ड का लाभ मिलता था लेकिन पिछले 5-7 महीने से नहीं मिल रहा है। बार-बार डीलर की दुकान पर जा रहे हैं। बावजूद उनके द्वारा हम लोगों को छटाक भर भी राशन नहीं दिया जा रहा है। उधर मौत मामले की खबर छपते ही मृतक के परिजनों को घर बुला डीलर पारसनाथ के द्वारा आनन फानन में पांच किलो चावल का भरा पैकेट देना शुरू कर दिया गया। इस बीच उक्त लोगों के साथ डीलर के दुकान पर पहुंची मृतक की पत्नी उर्मिला कुंवर को गुरुवार को भी चावल नसीब नहीं हो सका। वह रोते विलखते अपने घर लौट आई। इससे पहले सदस्य आधारित आवंटित खाद्यान्न में आधा देने को लेकर डीलर के खिलाफ लाभुकों ने अधिकारियों के पास अपनी समस्या रखी। वहीं उनकी समस्या को अधिकारियों ने गंभीरता पूर्वक सुना और एक दो डीलरों को अपने पास बुला उनसे भी जानकारी हासिल की। इस बीच डीलर रामगुलाम साह का पुत्र आदित्य लाल उक्त स्थल पहुंच आधा कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद डीलर के कटौती खाद्यान्न को अविलंब पूर्ण कराने को लेकर प्रभारी एमओ चुनाराम हेंब्रम को निर्देश दिया गया। इससे पहले अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के द्वारा एमओ को फटकार लगाई गई।

### मंत्री ने कहा, गढ़वा गंगा-जमुनी तहजीब का सटीक उदाहरण

# हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पैगंबर मुहम्मद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला त्योहार ईद-ए-मिलाद-उन-नबी गढ़वा में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जश्न ए ईद-मिलाद-उन-नबी का आयोजन किया। इस दौरान शहर के रंका मोड़ पर स्टॉल लगाकर जुलूस-ए- मोहम्मदी का स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए नाश्ता, शरबत, पानी की भी व्यवस्था की गई थी। शहर के सभी मुहल्लों से जुलूस निकालकर कर लोग मंझिआव मोड़ होते हुए रंका मोड़ पहुंचे। यहां आयोजित समारोह के बाद जुलूस कर्बला के मैदान में पहुंच कर समाप्त हो गई।

मौके पर मंत्री ने गढ़वा सहित समस्त प्रदेशवासियों को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की दिली मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद-ए-मिलाद-उन-नबी, जिसे ईद मिलाद-उन-नबी के नाम से भी जाना जाता है, पैगंबर मुहम्मद की जयंती के उपलक्ष्य में दुनिया भर में मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह अवसर इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने रबी-अल-अव्वल को पड़ता है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा गंगा-जमुनी तहजीब का उदाहरण है। यहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे का पर्व त्योहार बेहतर तरीके से आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। होली, दशहरा, रामनवमी, ईद, मोहर्रम आदि सभी त्योहारों में दोनों समुदाय के लोग स्टॉल लगाकर शरबत, पानी आदि की व्यवस्था करते हैं। मंत्री ने कहा कि इसी तरह से आपसी एकता, भाईचारा एवं स्नेह हमेशा बनाए रखना हम सब का काम है। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, डॉ. यासीन अंसारी, 15 सूत्री अध्यक्ष मदनी खान, बिजली विभाग के प्रतिनिधि नसीम अख़्तर, केंद्रीय सदस्य अनीता दत्त, कंचन साहू, अल्पसंख्यक प्रतिनिधि मासूम खान, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, क्रीड़ा मोर्चा सचिव सदाब खान, प्रतिनिधि नीलू खान, इमरान अख़्तर, शेरू खान, संतोष केशरी, सरकारी अधिवक्ता परेश तिवारी, डॉ. असजद अंसारी, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, दिलीप गुप्ता, अरमान सिद्दीकी, मिन्हाज अली आदि उपस्थित थे।







### ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर निकला जुलूस

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायत में गुरुवार को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार पुलिस दल बल के साथ जुलूस कार्यक्रम में मौजूद रहे। जुलूस चिनिया मस्जिद व रानीचेरी मस्जिद से निकल कर विभिन्न चौक चौराहे होते हुए वापस अपने बैरक लौटा। जुलूस के दौरान बस स्टैंड ग्रामीण बैंक के पास समाज सेवी मोहम्मद फरीद के बड़े पुत्र भोला मंसूरी उर्फ आमिर राजा ने मीठा व पानी की व्यवस्था की। मौके पर समाज सेवी सुरेंद्र प्रसाद, नौशाद मंसूरी, इरफान अंसारी, अब्दुल मनान अंसारी उर्फ भोला, बिगू मंसूरी, तमजीत मंसूरी बेलाल मंसूरी आदि मौजूद थे।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया गया

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के चेचारिया, नगर ऊंटरी, बरडीहा, कुशदण्ड, नरही, कधवन, कोलझिकी, सोनबरसा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। नगर ऊंटरी में जुलूस चेचरिया स्थित कर्बला गोसिया मस्जिद से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए भवनाथपुर मोड जंगीपुर तक पहुंचा। पुनः मुख्य पथ होते हुए लड़की स्कूल के समीप पहुंच कर सलातो सलाम पढ़ने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। बरडीहा जमा मस्जिद से जुलूस निकाला गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि हम सभी लोगों को मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्गों पर चलने की जरूरत है। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह भ्रमण करते नजर आए। मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान सरपरस्त शमीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसाय अमीन खान युवा समाजसेवी लालबाबू खान, तस्लीम खान सीनियर, शोएब आलम गुड्डू, इमरान आलम उर्फ गुड्डू, पप्पू खान, महमूद आलम सीनियर, मुराद खान, फुलटून खान, अंसार खान, हैदर खान, समसुल सिदिकी, नेपालि खान, तस्लीम खान, शकील अहमद, खुर्सीद खान, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना पैगाम रजा, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना आबिद हुसैन, सलाहू खान, सद्दाम आलम, तुफैल आलम गब्बर, बाबू खान, दिलनवाज खान आदि मौजूद थे। बरडीहा जुलूस में मुश्ताक अहमद शेख, ताहीर हुसैन, राहत हुसैन, शमीम अख्तर, मसउवर अंसारी, अमीर हसन अंसारी, अफरोज आलम, हाफिज मनउवर, मौलाना नेमतुल्लाह, हाफिज सैफुल्लाह, कलाम अंसारी, मकबूल अहमद, वकील अहमद, नसीम अंसारी, रइस, दिलशाद, इंतजार, रासिब, अहमद, समसिर अजीजी, मकसूद रजा, परवेज आलम, अप्पू सुमंत आदि मौजूद थे।

### ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया गया

**मेराल।** ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मोहम्मदिया जुलूस निकालकर मनाया गया। हासनदाग, गेरुआ बना, खुटेलिया, तीसरटेटुका, चामा, दुलदुलवा, लोवादाग, दलेली, ओखरगाड़ा, पचपेड़ी आदि गांवों में जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाजसेवी गुलबास अंसारी, मुबारक अंसारी शिक्षक ताहिर अंसारी, जन्नत अंसारी, सद्दाम अंसारी, एएच अख्तर, मंसूर अंसारी, हमीद अंसारी, महबूब अंसारी, रेहान अंसारी, मुदस्सिर अंसारी, अब्बास अंसारी, सिराज अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, अलमुद्दीन अंसारी, कौसर अंसारी, वाहिद अंसारी, कमाल अंसारी, सफात अंसारी, गफूर अंसारी, इरफान अंसारी, मुजाहिद अंसारी, शाहिद अंसारी, परवेज अंसारी, इमरान अंसारी, साजिद अंसारी, शमशेर अंसारी, शरीफ अंसारी, आदम अंसारी, मंसूर अंसारी, रिजवान अंसारी, मकसूद अंसारी आदि शामिल थे।

### बेलाबार-नावाडीह में निकाला गया जुलूस

**केतार।** केतार प्रखंड मुख्यालय सहित मुस्लिम गांवों में गुरुवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्म दिवस के अवसर पर ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व धूमधाम से मनाया। प्रखंड के केतार, बेलाबार, नावाडीह, पाचाडुमर गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जूलूस निकाला। बेलाबार-नावाडीह गांव में कर्बला के पास से जुलूस निकाला गया और मस्जिद के पास पहुंचा। मस्जिद में फतेहा पढ़ने के बाद मिलाद कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर रहमान अंसारी, हाकमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, इम्तियाज आलम, अली हुसैन अंसारी, रेयाज अंसारी,अल्ताफ अंसारी, फुजैल अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, साकीर अंसारी,जसीमुद्दीन अंसारी, इदरीश अंसारी ,उस्मान अंसारी उस्मान अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### खरौंधी प्रखंड में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

**खरौंधी।** ईद मिलादुन्नबी का त्योहार गुरुवार को प्रखंड में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मनाया गया। प्रखंड के मझिगावां, खरौंधी, करिवाडीह, चंदनी, सिसरी पंचायत में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मझिगावां में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद से लेकर कर्बला तक जुलूस निकाला। मौके पर मझिगावां पंचायत के मुखिया पति सतीश राम, प्रखंड सदर समसुद्दीन अंसारी, रवि हुसैन, जाकिर हुसैन, मोहब्बत हुसैन, हिफाजत अंसारी, फिरोज अंसारी, अब्दुल अंसारी, मोजाहिम मियां, खुर्सीद आलम, खुर्सीद अंसारी, कुर्बान अंसारी, सुलतान अहमद फजीहत अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# मारपीट व लूट मामले का पुलिस ने किया खुलासा



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पुलिस ने विगत 22 सितंबर को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के छमइलवा के पास सिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एबीएम के साथ हुई मारपीट व लूट का खुलासा कर दिया है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि घटना विगत 22सितंबर को रात्रि लगभग आठ बजे की है जब बिहार निवासी वर्तमान में जंगीपुर निवासी सिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एबीएम दिवाकर कुमार सिंह के साथ मारपीट करते हुए 3500 रुपये लूट लिया गया था। दिवाकर सिंह के द्वारा विगत 23 सितंबर को भवनाथपुर थाना में दिये गये आवेदन के आधार पर कांड संख़्या 118/23 दर्ज करते हुये कांड का उद्भेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। थाना क्षेत्र के बुका ग्राम के लगड़ी टोला निवासी संजय कुमार राम के 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार भारती, ग्राम मकरी के बसरिवालेवा टोला निवासी सतेंद्र राम के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार रवि तथा छमइलवा ग्राम निवासी संजय राम के 21 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार चंद्रवंशी को उनके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अभियुक्तों के पास से लुटे गये दोनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिये गये हैं। छापेमारी टीम में भवनाथपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पुअनि सहदेव कुमार साव के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

# दो दिन में फट गया पाइप सड़क पर बह रहा है पानी



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र में जल-नल योजना लूट का अड्डा बन गई है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों क्षेत्रों में जलमीनार लगाकर दस- पंद्रह घरों में पानी पहुंचाना है, लेकिन संवेदक द्वारा जैसे-तैसे कार्य कराकर योजना पूर्ण कराई जा रही है। ग्रामीणों के घरों के बाहर लगाये गये नल में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

परसोडीह पंचायत के बीघा-चौरा टोला में 4.80 लाख रुपये की लागत से लगे जलमीनार से दस घरों में पानी पहुंचाने के लिए दो दिन पूर्व पाइप लगाया गया है, लेकिन पाइप को तीन फीट की जगह 6 इंच ही मिट्टी खोदकर बिछाया गया है। इससे पाइप कई जगह फट गया है, जिससे ग्रामीणों के घरों तक पानी न पहुंचकर सड़क पर ही बहने लगा है। इसको लेकर ग्रामीणों में संवेदक के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड राम भजन गुप्ता, ग्रामीण सुदर्शन राम, धर्मेंद्र पासवान, भरदुल पासवान, सुखाड़ी पासवान, राम जन्म पासवान, लालती देवी, सोनापती देवी ने कहा कि संवेदक बिना स्टीमेट के घटिया समाग्री लगाकर योजना को पूर्ण कर रहा है। इस वजह से इस योजना का लाभ हम लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे तो देखा कि संवेदक जैसे-तैसे कार्य कर रहा है और पाइप फट कर पानी सड़क पर बह रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा पूरे प्रखंड में हो रहा है। स्टीमेट से कार्य नहीं होने पर इसकी जांच कराई जाएगी। संवेदक शशि कुमार ने कहा कि एक- दो दिन के भीतर पाइप बदल दिया जायेगा। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि जब तक संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कराया जायेगा, भुगतान पर रोक लगाने के लिए मुखिया को निर्देश दिया गया है।

### पहल — जिले में 32 सड़कों का निर्माण किया जा रहा : सांसद

# पीएम ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

पलामू सांसद विष्णुदयाल राम एवं क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को 9 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली रमना-विशुनिया भाया बुलका पथ मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास जमा दो हाई स्कूल बुलका के समीप संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को सबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गढ़वा जिला में 32 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 192 करोड़ की सड़कों का निर्माण केवल भवनाथपुर विधान सभा में किया जा रहा है। 2014 के बाद अब तक 18 हजार गावों में बिजली पहुंचाई जा



चुकी है। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बुलका के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। वर्षो से यहां के लोग सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम को प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया अनिता देवी, भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, उमेंद्र यादव, रूप नरायण यादव एवं मनोज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह ने किया। मौके पर भाजपा नेता विनय चौबे, अजय सिंह, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, सीओ बासुदेव राय, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल, पंचायत सचिव बिनोद राम, आलोक सिंह आदि मौजूद थे।

### राकेश अग्रवाल दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय के बाजार पीपल गाछ दुर्गा पूजा मनाने के लिए दुकानदारों की बैठक दुर्गा मंडप में हुई। इसमें सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें राकेश कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं शैलेंद्र सिंह (सिंपी) सचिव, मोहित कुमार मिट्ठू उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष, रवि माली सहकोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार, अवनीश कुमार सहउपाध्यक्ष, अंकित वर्मा, अमित कुमार अग्रवाल( बिट्टू) सहसचिव, राकेश रंजन अग्रवाल पूजा प्रभारी, राहुल अग्रवाल, जगनारायण माली सह पूजा प्रभारी, वीरेंद्र ठाकुर, राजकुमार जायसवाल लेखपाल, विशाल कुमार अग्रवाल ( पिक्कू) चंदा प्रभारी बनाए गए।

# अतिरिक्त प्रभार से हटाए गए बीईईओ कानन पात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज वन, कानन पात्रा को कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। यह कारवाई एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के द्वारा श्री पात्रा के विरोध में किए गए एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद किया गया है। मोर्चा ने कानन पात्रा पर विद्यालय जांच के नाम पर सहायक अध्यापक, अध्यापिकाओं को डरा धमकाकर उनसे अवैध वसूली करने का आरोप लगाया था। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि इनके द्वारा सहायक अध्यापको का प्रतिनियोजन अन्यत्र विद्यालयों में नियम विरुद्ध न सिर्फ किया जाता है बल्कि मोटी रकम लेकर उनका प्रतिनियोजन तोड़ भी दिया जाता है। संघर्ष मोर्चा के मांगों पर विचार करते हुवे जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुवे उन्हें प्रभार मुक्त कर दिया है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सिमरिया संतोष कुमार सिंह को कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड में संचालित प्रार्थमिक, उत्क्रमित मध्य एवं मध्य विद्यालय के सरकारी शिक्षकों का वेतन भुगतान हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है।

#### संतोष सिंह को मिला कुंदा व प्रतापपुर प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार

### प्रतिभागी इंटर स्टेट लूडो प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रवाना

**बरवाडीह।** प्रखंड के रेलवे क्लब में आयोजित लूडो प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी इंटर स्टेट लूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के लिए रवाना हुए। कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने सभी को बरवाडीह स्टेशन से आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुई विदा किया। लूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बरवाडीह से 9 खिलाड़ी को लेकर राज्य स्तरीय रेफरी असफाक अहमद मुन्ना रांची होते रायगढ़ पहुंचेंगे। चयनित लूडो खिलाड़ियों में राकेश कुमार, परमेश्वर कुमार, विवेक कुमार, अंकित कुमार, रोहित कुमार, पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी, शीला कुमारी शामिल हैं।

**असफलताओं से हार मानकर कभी भी अपने लक्ष्य को ना बदले क्योंकि असफलताएं आपको रोकने नहीं आगे बढ़ाने के लिए आती है ।**

**– अज्ञात**



# मांग व सरकार

***झारखंड*** समेत देश के विभिन्न राज्यों में लंबे समय से जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्म कोड की मांग की जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन इस मामले को गंभीरता से लेने के मूड में दिखाई पड़ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इससे पहले झारखंड विधानसभा से भी सरना धर्म कोड को लेकर एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हो चुका है। अभी सरना धर्म कोड को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। हेमंत सोरेन का कहना है कि आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं और प्रकृति के उपासक है। पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड भी आदिवासी बाहुल्य राज्य हैं, जहां इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। राज्य की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है। इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वयं जल, जंगल, जमीन और प्रकृति है। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श और मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से अलग है। अपनी पहचान को बचाये रखने के लिए सरना धर्म कोड जरूरी है। बहरहाल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी-सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। कई आदिवासी समूह विलुप्त होने के कगार पर हैं। आदिवासी समुदाय में भी कई ऐसे समूह है, जो विलुप्ति के कगार पर हैं। सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर इन्हें संरक्षण नहीं दिया गया, तो इनकी भाषा, संस्कृति के साथ-साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त हो जायेगा। वहीं आदिवासियों की संख्या में भी लगातार कमी आ रही है। झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या आठ दशकों में 38 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत ही रह गई है। ऐसे में एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते हेमंत सोरेन की यह मांग जायज है। आज पूरा विश्व बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण की रक्षा को लेकर चिंतित है, ऐसे समय में जिस धर्म की आत्मा ही प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा है,उसको मान्यता मिलने से भारत ही नहीं पूरे विश्व प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा। ऐसे में यह मांग समय की जरूरत है। इसके लिए सबको आगे आने की जरूरत है।

**सीएम हेमंत सोरेन इस मामले को गंभीरता से लेने के मूड में दिखाई पड़ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इससे पहले झारखंड विधानसभा से भी सरना धर्म कोड को लेकर एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हो चुका है। अभी सरना धर्म कोड को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है।**

# भारत की अमृत यात्रा : महिला नेतृत्व वाली यात्रा



जी किशन रेड्डी

***जैसे*** ही ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पारित होने को सांसदों के लिए अग्निपरीक्षा कहा। यह वास्तव में अग्निपरीक्षा है: समानता और संतुलन के आधार पर भारत के पारंपरिक गौरव को बहाल करने की अग्नि परीक्षा। अग्निपरीक्षा उस सर्वोच्च स्थान को पुनः प्राप्त करने की जिसका लाभ प्राचीनकाल से महिलाओं को मिलता आया है और राजनीतिक गलतफहमियों से ऊपर उठकर नारी शक्ति के लिए एक साथ खड़े होने की अग्निपरीक्षा। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत के मंदिर, संसद को अर्धनारीश्वर की भावना का प्रतीक होना चाहिए, जो महिलाओं के लिए समानता और पूर्ण संतुलन का परिचायक है। लैंगिक असमानता और अन्याय से जूझ रही दुनिया में, भारत महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक श्रद्धा के प्रतीक के रूप में स्थित है। सदियों से, भारतीय संस्कृति ने महिलाओं को शक्ति के अवतार का रूप दिया है तथा विदुषियों, वीरांगनाओं, रानियों और नेताओं के रूप में उनकी अपार क्षमता को पहचाना है। आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महिलाओं को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रकट करने वाली त्रिदेवी के रूप में सम्मानित किया जाता है। चाहे विदुषियों द्वारा रचित मंत्रों/ श्लोकों सहित वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों की रचना हो या प्रारंभिक सभ्यताएं हों या चाहे वीरांगना रानियों द्वारा अपने राज्यों को जीत और समृद्धि की ओर अग्रसर करना हो, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषिओं, वीरांगना रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर और ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है। आधुनिक दुनिया ने सदियों पहले ही उन्हें मतदान का अधिकार भी दे दिया था। रामायण और महाभारत में सीता माता, द्रौपदी और कुंती जैसी दृढ़ प्रतिज्ञ व प्रभावशाली महिलाओं को दर्शाया गया है, जिन्होंने इन महाकाव्यों की गाथाओं और घटनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के प्रतिसम्मान पारिवारिक परिवेश में उनकी भूमिकाओं तक भी फैला हुआ है। वह 'सह धर्मचारिणी' है, जिसका अर्थ है कि वह गृहस्थ धर्म में एक समान भागीदार है, जहां वे अपने पति के साथ, घर का नेतृत्व करती रही हैं, सभ्यता को धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं। यह अनोखी बात है कि सनातन धर्म में शक्ति की परंपरा के तहत दिव्यस्त्री के प्रति विशेष आस्था मिलती है, जिसे शक्ति या दिव्य मां के रूप में दर्शाया गया है। इन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिध्वनित करते हुए, एक संस्कृत उद्धरण में महिलाओं की भूमिका को समाज के वास्तुकार के रूप में सुंदरता से व्यक्त किया गया है: 'नारीसमाजस्य कुशलवास्तुकारः' उल्लेखनीय है कि भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है। 2014 के बाद से मोदी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरूआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में 'नारी शक्ति' को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है, जहां भारत की 50 प्रतिशत आबादी यानी महिलाओं को अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्रकट करने के समान अवसर मिलते हैं। खंड-खंड में कल्याणकारी उपायों वाले पिछले व्यवहारों के विपरीत,सरकार ने, 2014 के बाद, एक महिला के जीवनचक्र और जरूरतों के कई चरणों में नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक रणनीतिक जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाया। उनमें से सबसे बुनियादी बात यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा का जीवन जिएं। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ धुआं-मुक्त रसोई की रचना की गई, जिसने न केवल लाखों महिलाओं को जीवनयापन में आसानी प्रदान की है, बल्कि उन्हें सांस की बीमारियों से भी बचाया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत योजना के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाये गये, जिसने महिलाओं को अपने घरों में शौचालयों तक सुरक्षित और सम्मानजनक पहुंच प्रदान की, सुरक्षा के बारे में चिंताओं को दूर किया और उनकी गरिमा को संरक्षित किया। इसी तरह जलजीवन मिशन के तहत 12 करोड़ कनेक्शनों द्वारा नल से जल उपलब्ध कराया गया। इन सभी उपायों ने महिलाओं को कठिन परिश्रम और दुष्कर जीवनसे छुटकारा दिलाया है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि दशकों से अनदेखा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदियों पुरानी सामाजिक बेड़ियों को तोड़ दिया गया। चाहे वह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करना हो, मातृत्व अवकाश की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना हो, या तीन तलाक की अनुचित प्रथा पर प्रतिबंध लगाना हो। इसी तरह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन पूरे जोर-शोर से चलाया गया। लड़कियों के विरुद्ध घृणित सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ अभियान, और परिणामस्वरूप, एनएफएचएस-5 द्वारा 1,020 महिलाओं (प्रति 1000पुरुषों) के सकारात्मक लिंग अनुपात की जानकारी इसकी एक बानगी है। वास्तव में, मोदी नारी शक्ति के साथ खड़े रहे हैं, क्योंकि यह शक्ति के अवतार के रूप में अपनी श्रेष्ठता दोबारा प्राप्त करने के लिए दृढ़ है। जैसा कि स्पष्ट है, मोदी के महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत महिलाओं को जन्म से ही मिलने वाली चुनौतियों के समाधान को रखा गया है। इसके लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के रूप में अपनाया गया है: पोषण, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, करियर और रोजगार, पारिवारिक और मातृ जीवन, राष्ट्र की सेवा और नेतृत्व की भूमिका निभाना। महिला आरक्षण विधेयक उन इरादों पर दी गई शक्ति की मुहर है, एक शंखनाद है कि शक्ति जाग उठी है और हमारे महान राष्ट्र की बागडोर संभालने के लिए तैयार है। महिला आरक्षण विधेयक एक आधुनिक समय के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो इस सभ्यता में महिलाओं को दिये गये प्राचीन सम्मान और समानता को दर्शाता है। मोदी के नेतृत्व में इस संशोधन विधेयक और कई अन्य पहलों के साथ, हम ऐतिहासिक दिशा में सुधार कर रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो भारत के मूल गौरव की ओर हमारे कदमों को सही मार्ग पर ले जा रही है- एक ऐसी भूमि जहां महिलाओं की आवाज सुनी जाती थी, उनकी भूमिकाओं का मान किया जाता था और उनके योगदान को महत्व दिया जाता था। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मोदी द्वारा पेश महिला आरक्षण विधेयक को लगभग सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस तरह 22 साल की अड़चनों को दूर करना एक तरह से स्वयं विघ्नहर्ता का आशीर्वाद ही है, जिन्होंने माता पार्वती को उन्हें बनाने, उनका पोषण करने और उनकी रक्षा करने के लिए शत-शत प्रणाम किया था। इसके साथ, प्रधानमंत्री मोदी ने लैंगिक समानता और मां भारती को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया और 150 करोड़ भारतीयों की लोकप्रिय भावना 'मोदी है तो मुमकिन है' मेरे मन में फिर से गूंज उठी!

**(लेखक, केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)**

**प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषिओं, वीरांगना रानी पद्मिनी, रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***हालांकि*** शुरू में स्वामी जी को कबीर परमेश्वर के ज्ञान पर विश्वास नहीं हुआ। भगवान ने स्वामी जी से कहा कि आपकी पूजा आपको काल के जाल से मुक्त नहीं कर सकती। स्वामी जी का मानना ? था कि स्वर्ग जाने का अर्थ है मोक्ष की प्राप्ति। भगवान कबीर जी ने रामानंद जी से उन मंत्रों का जाप करने के लिए कहा जो वह नित प्रतिदिन करते थे और कहा कि देखते हैं कि आप अपने मंत्रों के जाप से कहां तक पहुंच सकते हैं। स्वामी जी हठयोग ध्यान के अभ्यस्त थे अतः तुरंत समाधिस्थ होकर अपनी सिद्धि से त्रिवेणी पर पहुंच गए। लेकिन वहीं फंस कर रह गए और आगे नहीं जा सके। सुक्ष्मवेद में इस संदर्भ में कहा गया है

**योग युक्त प्राणायाम कर जीता सकल शरीर त्रिवेणी के घाट में वो अटक रहे बलवीर**

त्रिवेणी से आगे जाने के तीन मार्ग बने हैं। 5 वर्षीय बालक रूप में भगवान कबीर साहेब जी रामानंद जी के साथ त्रिवेणी पर मौजूद थे। उन्होंने स्वामी जी से कहा कि आप अपने मंत्र जाप से इससे आगे नहीं जा सकते। जब आप मरेंगे तो इसी रास्ते से आयेंगे। बाँया रास्ता धर्मराज, ब्रह्मा, विष्णु, शिव और स्वर्ग लोकों की ओर जाता है। दाँया रास्ता अठासी हजार ऋषियों की ओर जाता है। सामने वाला रास्ता ब्रह्म लोक को जाता है जिसे ब्रह्मरंद्र भी कहते हैं। आपकी साधना भगवान विष्णु की है, आप बाँई ओर से जाकर विष्णु लोक में चले जाएंगे। वहाँ जाने से पहले आपको ब्रह्म काल के मुख्य न्यायाधीश धर्मराज (यम) के पास जाना होगा जो तय करेगा कि आपके कितने पुण्य हैं और कितने पाप हैं।

*(क्रमशः)*

# पूर्वजों को याद कर उन्हें नमन करने का पर्व है श्राद्ध



डॉ. गोपाल नारसन

***प्रतिवर्ष*** भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष प्रारंभ हो जाता है, जो आश्विन अमावस्या तक अर्थात 16 दिनों तक चलता है। इस साल पितृ पक्ष की शुरूआत 29 सितंबर से हो रही है और श्राद्ध पक्ष का समापन 14 अक्टूबर को होगा। श्राद्ध पक्ष की अवधि में पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किये जाते हैं। ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है, जिससे पूर्वज प्रसन्न होते हैं। कहा जाता है कि पितरों के प्रसन्न होने से वंशजों का भी कल्याण होता है। जो लोग पूरे श्राद्धपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान न कर पाये हों वह सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं। इस दिन बिहार के गयाजी में पिंडदान करने का सबसे ज्यादा महत्व है। इस साल आश्विन माह की सर्वपितृ अमावस्या के दिन साल का दूसरा और आखिरी सूर्यग्रहण भी लग रहा है। सर्वपितृ अमावस्या पर सूर्य ग्रहण रात 08.34 मिनट से अगले दिन प्रातः 02.25 मिनट तक रहेगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी नहीं रहेगा।

**सर्वपितृ श्राद्ध का महत्व**

सर्वपितृ अमावस्या को महालया अमावस्या और पितृ विसर्जनी अमावस्या भी कहते हैं। पितृ पक्ष में पूर्वज धरती पर अपने परिवार के बीच आते हैं और उन्हें आशीर्वाद देते हैं, ऐसी धार्मिक मान्यता है। सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों को सम्मानपूर्वक श्राद्ध, पिंडदान और पूजा करते हुए विदाई दी जाती है। कहते हैं सर्वपितृ अमावस्या तिथि पर किया गया श्राद्ध, परिवार के सभी पूर्वजों की आत्माओं को प्रसन्न करने के लिये पर्याप्त है। सर्वपितृ अमावस्या पर परिवार के उन मृतक सदस्यों का श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु अमावस्या तिथि, पूर्णिमा तिथि तथा चतुर्दशी तिथि को हुई हो। अगर किसी कारणवश मृत्यु तिथि पर श्राद्ध करने में सक्षम न हों, तो वो मात्र अमावस्या तिथि पर श्राद्ध कर सकता है। जिन पूर्वजों की पुण्यतिथि ज्ञात नहीं है, उनका श्राद्ध भी अमावस्या तिथि पर किया जा सकता है, इसीलिये अमावस्या श्राद्ध को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। श्राद्ध पक्ष के दिनों में- **।। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।। -मन्त्र का वाचन करना चाहिए**। जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन श्राद्ध की शुरूआत और समापन में- **।। देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्यन एव च। नमः स्वाहायै स्व धायै नित्ययमेव भवन्युव त।। -मंत्र का वाचन करें।**

पितृ दो प्रकार के होते हैं। एक दिव्य पितर और दूसरे पूर्वज पितर। दिव्य पितर ब्रह्मा के पुत्र मनु से उत्पन्न हुए ऋषि हैं। पितरों में सबसे प्रमुख अर्यमा हैं, जिनके बारे में गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि पितरों में प्रधान अर्यमा वे स्वयं हैं। दूसरे प्रकार के पितृ पूर्वज होते हैं। पितृपक्ष में अपने इन्हीं पितरों को लोग याद करते हैं और इनके नाम से पिंडदान, श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाते हैं। कठोपनिषद्, गरुड़ पुराण, मार्कण्डेय पुराण के अनुसार पितृ अपने परिजनों के पास पितृ पक्ष श्राद्ध के समय आते हैं और अन्न जल एवं आदर की अपेक्षा करते हैं। जिन परिवार के लोग पितृ पक्ष के दौरान पितरों के नाम से अन्न जल दान नहीं करते, श्राद्ध कर्म नहीं करते हैं, उनके पितर भूखे-प्यासे धरती से लौट जाते हैं। इससे परिवार के लोगों को पितृ दोष लगता है। इसे पितृ शाप भी कहते हैं। इससे संतान प्राप्ति में बाधा आती है। परिवार में रोग और कष्ट बढ़ जाता है।

**कैसे करें श्राद्ध?**

पितृ पक्ष में जिन तिथियों में पूर्वज यानी पिता, दादा, परिवार के लोगों की मृत्यु हुई होती है उस तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध का नियम है कि दिन के समय पितरों के नाम से श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए। देवताओं की पूजा सुबह में और पितरों की दोपहर में होती है। तर्पण विधि - सर्वप्रथम अपने पास शुद्ध जल, बैठने का आसन (कुशा का हो), बड़ी थाली या ताम्रण (तांबे की प्लेट), कच्चा दूध, गुलाब के फूल, फूल-माला, कुशा, सुपारी, जौ, काली तिल, जनेऊ आदि पास में रखे।

**जो लोग पूरे श्राद्धपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान न कर पाये हों वह सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं। इस दिन बिहार के गयाजी में पिंडदान करने का सबसे ज्यादा महत्व है।**

श्राद्ध

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**जब तक किसी काम को किया नहीं जाता, तब तक वह असंभव लगता है।**

# टूडो की कारस्तानी फिस्स, भारत का प्रतिकार कारगर रहा



के. विक्रम राव

**टूडो** पर विपदा आसन्न है। पतन दिख रहा है। भारत से यारी संजोये अथवा अपनी अल्पमत वाली सरकार बचाये? कनाडा के इस 23वें प्रधानमंत्री जस्टिन जेम्स पाएरे टूडो के समक्ष तीसरा विकल्प नहीं है। संसद के 338 सदस्यों में उनकी लिबरल पार्टी के 158 सांसद हैं। समर्थक सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 25 हैं। कनाडियन सिख खालिस्तान के हमदर्द हैं। तो यही है भारत-कनाडा झंझट का सार। सिखों की पार्टी की भूमिका वैसी ही है जो तमिलनाडु की द्रविड़ पार्टियों की थी। अप्रैल 1999 में जयललिता ने अपनी अन्ना-द्रमुक पार्टी का समर्थन खींच लिया था। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार अल्पमत में आ गई। ठीक वही दुर्दशा सरदार मनमोहन सिंह की संप्रग सरकार के द्रमुक नेता एमके करुणानिधि ने कर दी थी 19 मार्च 2013 को। तब श्रीलंका के तमिल विद्रोहियों (लिट्टे के प्रभाकरन) के दोनों तमिल दल हमजोली रहे। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी उसी तमिल दलों की भूमिका में है। अगले वर्ष भारत की भांति कनाडा में भी संसदीय निर्वाचन होना है। तब श्रीलंका में तमिल वामियों (लिबरेशन टाइगर्स है तमिल ईलमः लिट्टे) की चुनौती थी दिल्ली पर। ठीक वैसी ही सिखों की ओटावा पर है। भारत बनाम कनाडा विवाद पर बेहतरीन विश्लेषण आया है बौद्ध श्रीलंका के मुस्लिम विदेश मंत्री मियां मोहम्मद अली साबरी साहब का। खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुवा आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर टूडो ने भारत सरकार को दोषी करार दिया है। इस पर श्रीलंकाई राजनेता ने करारा जवाब दिया है। मोहम्मद अली साबरी ने कहा कि 'कनाडा ने इससे पहले श्रीलंका के भीतर नरसंहार का ऐसा बेबुनियाद आरोप लगाया था।' उधर सोनिया-कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 'कांग्रेस का हमेशा से मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिए। देश के हितों और चिंताओं को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए।' टूडो ने बात का बतंगड़ बनाया जब वे बोले कि 'खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं।' वहीं कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित भी कर दिया। निज्जर का हमराही जसपाल सिंह अटवाल जो फगवाड़ा (पंजाब) का रहने वाला था, उसने खालिस्तान आंदोलन के प्रबल विरोधी उज्जल सिंह दोसांझ को मारा था। अटवाल को टूडो ने दिल्ली में अपनी दावत में आमंत्रित किया था। इसे लेकर मोदी सरकार ने आपत्ति दर्ज कराई थी। राष्ट्रमंडल के दो मित्र-सदस्यों भारत तथा कनाडा के बीच दुश्मनी का सबब बना सरदार हरदीप सिंह निज्जर था कौन? 18 जून 2023 को सर्रे (कनाडा-अमेरिका सीमावर्ती शहर) के नानक गुरुद्वारे के निकट उसकी हत्या कर दी गई थी। अब कनाडा सरकार ने भारतीय गुप्तचर एजेंसी पर आरोप लगाया है। हालांकि अबतक सबूत नहीं दे पाये। भारतीय पुलिस इजराइल की गुप्तचर संस्था मोसाद के स्तर की तरह सक्षम तो नहीं है। मोसाद की शोहरत है कि वह अरब देशों में घुसकर यहूदी-विरोधियों का काम तमाम कर डालती है। आतंकी निज्जर की भारतीय सुरक्षा स्टाफ द्वारा हत्या पर कनाडा ने केवल राजधानी ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त को प्राप्त संदेशों के आधार पर दोष लगाया है। यदि यह सच है तो कनाडा जघन्य वैश्विक अपराध का दोषी है क्योंकि कूटनीतिक संधि की धाराओं के अनुसार विदेशी दूतावासों की जासूसी करना गंभीर गुनाह है। मगर निज्जर के बारे में कनाडा सरकार का आपराधिक दायित्व इससे पता चल जाता है कि वह खालिस्तानी टाइगर फोर्स का सरगना है जो कनाडा की भूमि में पनाह पाये है, वहीं से पंजाब में लूट, हत्या, आतंक फैलता है।

**संसद के 338 सदस्यों में उनकी लिबरल पार्टी के 158 सांसद हैं। समर्थक सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 25 हैं। कनाडियन सिख खालिस्तान के हमदर्द हैं। तो यही है भारत-कनाडा झंझट का सार।**

टूडो

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### बेगूसराय में राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बेखौफ अपराधियों ने सत्ताधारी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सक्रिय कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या दी। घटना की बलिया थाना क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत स्थित वार्ड संख्या-नौ के मधुसूदनपुर गांव की है। मृतक स्व. जगदीश चौधरी के 60 वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध चौधरी है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया है। मृतक के परिजन बाहर रहते हैं, जिन्हें घटना की सूचना दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। उसके बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।
घटना के संबंध में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र चौधरी ने बताया कि अनिरुद्ध चौधरी मॉर्निंग वॉक किया करते थे। गुरूवार की सुबह जब सड़क पर मॉर्निंग वॉक करने जब अन्य लोग निकले तो चलने के लिए आवाज लगाया। नहीं जगने पर लोग चले गए उसके बाद लोगों को सुबह में पता चला कि हत्या कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है।
युवा राजद जिलाध्यक्ष फैजउर रहमान ने बताया कि अनिरुद्ध चौधरी हमारे सक्रिय कार्यकर्ता थे। रात में एक जगह से निमंत्रण से घर आए और करीब 12 बजे गर्मी अधिक रहने के कारण दरवाजा पर ही सो गए। इसके बाद बदमाशों में काफी तेज आवाज में टीवी चला कर छोड़ दी और सिर में पीछे से गोली मार दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। मामले की जांच की मांग किया गया है।

### नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अब तक पांच ऑटो चालक गिरफ्तार

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। उज्जैन पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने बताया कि मामले में अब तक गुरुवार तक पांच ऑटो चालकों को हिरासत में लिया है। इन ऑटो चालकों के बारे में पुलिस को पुख्ता तौर पर सबूत मिले थे कि इन्होंने पीड़िता को अपने ऑटो में बिठाया था। इसके अलावा एक और संदिग्ध की पुलिस को तलाश है। पुलिस पूरे मामले में चार संदिग्धों पर जांच कर रही है।
उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपितों को अलग-अलग स्थान पर रखकर कड़ी पूछताछ की गई है। उनसे कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस को जो सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, उसमें तीन ऑटो चालकों की ऑटो में पीड़िता बार-बार बैठती और उतरती भी दिखाई दे रही है? यह घटनाक्रम रात तीन से सुबह छह बजे के बीच का है। पुलिस जांच में पता चला है कि बच्ची सतना जिले की रहने वाली है। शुरूआती जांच में पुलिस और एक्सपर्ट ने बच्ची से बातचीत की थी, तब यह अनुमान लगाया गया था कि वह प्रयागराज (यूपी) की रहने वाली हो सकती है।

### ओडिशा में शख्स ने अपनी बेटी के साथ नदी में लगाई छलांग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भद्रक जिले में 30 साल के एक व्यक्ति ने अपनी नवजात बेटी के साथ अखुआपाड़ा पुल से बैतरणी नदी में छलांग लगा दी।चंदन साहू भद्रक जिले के भंडारी पोखरी थाना अंतर्गत परमानंदपुर गांव के रहने वाले थे। बुधवार शाम को यह कदम उठाने से पहले उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और जूते पुल पर छोड़ दिए। सूचना मिलने पर पुलिस और अग्निशमन सेवा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया।हालांकि, रात में रोशनी कम होने और नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण तलाशी रोक दी गई। अग्निशमन सेवा कर्मियों ने गुरुवार सुबह फिर से तलाशी शुरू की लेकिन पिता-पुत्री का अभी तक पता नहीं चल सका है।एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा, परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि चंदन करीब एक महीने पहले अपनी पत्नी की मौत के बाद उदास था। वह गुजरात के सूरत में एक कताई मिल में काम करता था।सूत्रों ने बताया कि चंदन की पत्नी लक्ष्मीप्रिया ने कथित तौर पर सूरत में ही आत्महत्या कर ली थी।बाद में वह अपनी ढाई साल की बेटी के साथ ओडिशा लौट आए।

### पेड़ से टकराई पिकअप वैन, दो की मौत

**उत्तर दिनाजपुर।** अनियंत्रित होकर पेड़ से एक पिकअप वैन के टकराने से चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना गुरुवार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर दालखोला थाना क्षेत्र में घटी है। मृतक चालक की पहचान राजू मियां (26) और खलासी मिजानुर मियां (30) के रूप में की गई है।बताया जा रहा है कि एक आलू लदी पिकअप वैन रायगंज जा रही थी। तभी पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतना जोरदार था कि आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। बाद में पुलिस भी मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग पिकअप वैन में फंसे चालक और खलासी को नहीं निकाल पाए। बाद में क्रेन की मदद से दोनों को निकाल कर दालखोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने साधा भाजपा पर निशाना, कहा

# महिला आरक्षण बिल भाजपा का जुमला

**एजेंसी। रायपुर**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक एक 'जुमला' है क्योंकि भाजपा सोचती है कि लोग उसे वोट देंगे और कुछ समय बाद पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादों को भूल जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक वर्ष 2034 तक लागू नहीं होगा। छत्तीसगढ़ के भाटापारा जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 15 साल में वह नहीं कर सकी जो सत्ताधारी दल कांग्रेस ने राज्य में पांच साल में किया है। उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ में किसानों, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों के हित में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों को देखकर भाजपा आश्चर्यचकित हो गई होगी।''
कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''महिला आरक्षण विधेयक, जो हाल ही में संसद




में पारित हुआ, कोई नई बात नहीं है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायत निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए संविधान में 73वां और 74वां संशोधन का मार्ग प्रशस्त किया था।'' उन्होंने कहा, महिला आरक्षण विधेयक भी एक 'जुमला' है क्योंकि वे (भाजपा) सोचते हैं कि लोग उन्हें वोट देते हैं और कुछ समय बाद उनके द्वारा किए गए वादों को भूल जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीट आरक्षित करने का लक्ष्य रखने वाला यह विधेयक 2034 तक लागू नहीं होगा।
खरगे ने कहा कि कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनगणना चाहती है क्योंकि इससे विस्तृत जानकारी मिलेगी, जिसके आधार पर कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा, ''हमने संसद में भी कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक के भीतर ओबीसी को कोटा मिलना चाहिए।''
खरगे ने कहा कि भाजपा गरीबों को तबाह कर रही है और अमीरों को बढ़ावा दे रही है।कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पांच प्रतिशत लोगों के पास देश की 62 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि 50 प्रतिशत लोगों के पास केवल तीन प्रतिशत संपत्ति है। उन्होंने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने और उसके स्थान पर दूसरा संविधान लागू करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। खरगे ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी का समर्थन करना होगा।

नव निर्वाचित विधायक के शपथ ग्रहण का मामला

# राजभवन तीसरे विकल्प पर कर रहा विचार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल चंद्र रॉय के शपथ ग्रहण की राह के रोड़े नहीं छंट रहे हैं। अब विधानसभा सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया है कि राज्यपाल डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस ने विधानसभा अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष के बजाय किसी तीसरे व्यक्ति को मनोनीत कर शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का मन बनाया है। हालांकि राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभन देव चटर्जी ने गुरुवार को भी कहा है कि उन्हें राजभवन की ओर से शपथ ग्रहण के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इधर राजभवन सूत्रों ने बताया है कि किसी वरिष्ठ विधायक को नवनिर्वाचित विधायक के शपथ के



लिए अधिकृत करने की योजना राज्यपाल डॉक्टर बोस बना रहे हैं। इससे एक बार फिर राज्य में हंगामा मचने के आसार हैं। खास बात यह है कि राज्य के पूर्व मंत्री और 11 बार विधायक रहे करीम चौधरी का नाम शपथ ग्रहण की अनुशंसा के लिए आगे करने की बात चल रही है। वह बेहद वरिष्ठ विधायक हैं लेकिन फिलहाल अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। वैसे तो राजभवन में इस पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन अगर ऐसा होता है तो जाहिर सी बात है शपथ ग्रहण को लेकर जुबानी तकरार फिर तेज होगी।

# बिहार की बदहाली के लिए नीतीश जिम्मेदार : चिराग

**एजेंसी। बलिया**

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार की बदहाली के लिए नीतीश कुमार जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी उनसे समझौता नहीं किया। जबकि चाहता तो मैं बिहार में नीतीश के साथ होता। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि न मेरे पिता ने कभी समझौता किया और न मैं करूंगा। जो मुझे गलत दिखेगा उसका हमेशा विरोध करूंगा। गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में गुरूवार को आयोजित पासवान-पासी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि ने बिना नाम लिए राजद और जेडीयू पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में दलित को दलित से अलग किया गया। भाई को भाई से लड़ाया गया। अपनी राजनीतिक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे नेता रामविलास पासवान के निधन के बाद मैं चाहता तो



नीतीश के साथ जा सकता था। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता की जो लड़ाई रामविलास पासवान ने शुरू की थी। उसे जारी रखूंगा। रामविलास पासवान का सपना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए। इसी सपने को पूरा करने का दायित्व मेरे ऊपर है। मैं अपने पिता के अधूरे सपने को पूरा की कोशिश करता रहूंगा। कहा कि सामाजिक न्याय के पहिए को मजबूती देने की जरुरत है।

# कमलनाथ का शिवराज पर तंज, कहा- विदाई से पहले कमजोर वर्ग से अन्याय मत कीजिए

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले जुबानी जंग जारी है। विपक्ष भी आक्रामक भूमिका में है और आए दिन सरकार पर जमकर हमला बोल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ इन दिनों रोजाना किसी न किसी मुद्दे को लेकर सरकार को घेर रहे हैं। इसी क्रम में आज कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज को निराश्रित और विधवा पेंशन को लेकर घेराव किया है।
कमलनाथ ने तंज कसते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान जी, माना कि आपकी विदाई होने वाली है लेकिन कम से कम सत्ता की अंतिम घड़ियों में समाज के कमजोर वर्ग से अन्याय तो मत



कीजिए। आपने पूरे प्रदेश में अपनी झूठी वाहवाही के विज्ञापन लगा रखे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश में निराश्रित और विधवा महिलाओं को पिछले दो महीने से पेंशन का भुगतान तक नहीं हुआ है।
कमलनाथ ने आगे कहा कि इन दुखी बहनों को मात्र 600 रुपये महीने पेंशन मिलती है, उसे भी देने से आपकी सरकार ने इनकार कर दिया है। मध्य प्रदेश की बहनें आपसे जानना चाहती हैं कि आप आए दिन हजारों करोड रुपये का कर्ज.मध्य प्रदेश में लेते हैं आखिर वह कर्ज आपके मद में नहीं तो किस मद में खर्च हो रहा है। एडवांस कमीशन लेने की ऐसी क्या जल्दी पड़ी है कि आप इन वंचित बहनों को उनकी पेंशन से भी वंचित कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि विधवा और निराश्रित बहनों को तत्काल उनकी पेंशन का भुगतान किया जाए। याद रखिए 'निर्बल के बल राम' होते हैं। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ शिवराज सरकार के खिलाफ हमलावर हैं। उन्होंने सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरने की भरसक कोशिश की है। आगामी चुनाव से पहले पूरे प्रदेश का दौरा कर जनता के बीच सरकार के फैसले पर भी सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार बड़े- बड़े ठेके का कमीशन लेने के लिए कर्ज ले रही है। लेकिन आम लोगों का ध्यान नहीं है।

# माताओं-बहनों को धोखा देने के लिए भाजपा लायी है महिला रिजर्वेशन बिल : अखिलेश यादव

**एजेंसी। लखनऊ/खजुराहो**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार और केन्द्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एमपी के खुजराहो में की प्रेसवार्ता करते हुए डबल इंजन की सरकार पर महिला बिल और अत्याचार, मंहगाई, झूठे वादों और आदिवासियों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए हमला बोला।
अखिलेश ने कहा कि मध्यप्रदेश इतने वर्षों के बाद और दिल्ली की (केन्द्र की भाजपा) सरकार होने के बावजूद सबसे ज्यादा परेशानी में हमारी माताएं-बहनें हैं। भाजपा वाले धूमधाम से प्रचार कर रहे कि महिला रिजर्वेशन बिल पास कर दिया। लेकिन सच्चाई यह है कि न जाने ये कब लागू होगा।
सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा वालों को ये साबित करना चाहिए कि जो मध्य प्रदेश की सूची होगी प्रत्याशियों की उसमें कम से कम



33 प्रतिशत महिलाएं दिखाई दें। वरना इसका मतलब ये है कि केवल माताओं-बहनों को धोखा देने के लिए ये बिल लाएं। समाजवादी पार्टी को अगर 20 प्रतिशत महिलाएं लड़ानी पड़ी तो लड़ाएंगे। सपा की मांग है और घोषणा पत्र में शामिल करेंगे कि यहां कि गरीब माताओं बहनों को 6000 रुपये मिले।
अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा वाले कह रहे हैं कि दुनिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट है, अगर सबसे बड़ा प्लांट है तो बिजली क्यूं नहीं मिल रही गरीबों को? किसान की आय दोगुनी की बात की। मैं जानता हूं उत्तर प्रदेश में ये किसानों को कीमत नहीं दे पाए और यहां भी आय दोगुनी नहीं दे पाए। बीजेपी ने बड़े उद्योपतियों को लाइसेंस देकर गेहूं खरीदवा दिया।
हर वर्ग के लोग आज दुःखी हैं। मध्य प्रदेश में परिवर्तन होना तय है। इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन में समाजवादी पार्टी के लोग साथ है। मुझे उम्मीद है समाजवादी पार्टी पूरी जिम्मेदारी से और अपने निष्ठावान कार्यकताओं को लेकर चुनाव लड़ेगी, पहले से ज्यादा सीटें सपा जीतने जा रही है। इस दौरान आदिवासी सपा नेता व्यास जी गौड़, एमपी प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पार्टी नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार से मध्यप्रदेश के दो दिवसीय विधानसभा चुनाव दौरे पर पहुंचे है। पहले दिन उन्होंने रीवा के सिरमौर में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। वहीं गुरुवार को खजुराहो में एक कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे और एमपी चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों की जीत का मंत्र देंगे।

# अधिर पर टिप्पणी से बंगाल कांग्रेस शरद से नाराज

**एजेंसी। कोलकाता**

कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार की आलोचना की। पवार ने पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष एवं लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बोलने से पहले सोचने की सलाह दी थी।
अधीर रंजन पर पवार की टिप्पणी थी कि बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट वांछनीय नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के खिलाफ लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने से पहले सोचना चाहिए। पवार की टिप्पणियों पर चौधरी ने कहा कि एनसीपी नेता ने जो कुछ कहा, वह उनका निजी दृष्टिकोण था, जो पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत से परे है। चौधरी ने कहा, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस आतंक का दूसरा नाम है और कांग्रेस पीड़ित है। मैं पश्चिम बंगाल के लिए प्रासंगिक राजनीतिक स्थिति पर बोल रहा हूं। राज्य कांग्रेस के नेता सौम्या आइच



रॉय ने दावा किया कि पवार पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत की स्पष्ट समझ के बिना बोल रहे हैं।
सीपीआई (एम) नेतृत्व ने भी इस घटनाक्रम पर चौधरी का समर्थन किया है। पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य डॉ. सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि अगर एनसीपी नेता वास्तव में सोचते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा की विरोधी है, तो उन्हें तृणमूल को महाराष्ट्र में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या एनसीपी नेता के पास इस बात का कोई जवाब है कि उनके भतीजे के नेतृत्व में उनकी पार्टी का एक गुट क्यों अलग हो गया और भाजपा से हाथ मिला लिया।

## आस्था

मोक्ष एवं ज्ञान की भूमि गया में पितृपक्ष मेले का विधिवत शुभारंभ

# सुरक्षा में तैनात जवान तीर्थ यात्रियों की करेंगे मदद

**एजेंसी। पटना/गया**

मोक्ष और ज्ञान की भूमि बिहार के गया में मंत्र उच्चारण के साथ पितृपक्ष मेले का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। विष्णुपद मंदिर परिसर में बने भव्य पंडाल में मंत्रों उच्चारण के साथ पितृपक्ष मेला का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, कृषि मंत्री कुमार सर्बजीत, सांसद विजय कुमार मांझी, नगर विधायक प्रेम कुमार समेत बड़ी संख्या जिला पुलिस प्रशासन एवं पंडा समाज एवं आम लोग शामिल हुए। पितृपक्ष मेला के दौरान प्रशासन ने गया शहर के कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है।पिंडदानियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी 4278 पुलिस कर्मियों के कंधे पर है।इसमें आठ डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं।इसके अलावा वरीय अधिकारी भी समय-समय पर सहयोग करते रहेंगे। इस बात की जानकारी प्रभारी एसएसपी हिमांशु कुमार ने दी है। उन्होंने दावा किया कि मेला में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को गया जी में आने वाले तीर्थ यात्रियों का सेवा भाव से हर सम्भव मदद करने की नसीहत दी गई है। इसके अलावा ट्रैफिक की भी ठोस व्यवस्था की गई है। माउंटेन मिलिट्री फोर्स को भी मेला परिसर में तैनात किया जाएगा। ताकि भीड़ को अच्छे से हैंडिल किया जा सके।



इसके अलावा रैपिड एक्शन फोर्स भी मेला परिसर खासकर विष्णुपद मंदिर व उसके आसपास तैनात रहेगी। एसएसपी ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी मंदिर कर गर्भ गृह के पास भी तैनात रहेगी ताकि वह भीड़ को बेहतर तरीके से चलायमान रखे।उन्होंने बताया कि 90 बाइक सवार पुलिस के जवानों की एक टीम तैयार की गई है। इस टीम के सदस्य मेला सेक्टर के अंदर सुबह से लेकर देर शाम तक गश्रत लगाते रहेंगे।तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व यातायाता व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। प्रभारी एसएसपी ने बताया कि मेला के तहत क्राउड मैनेजमेंट के बिंदु को प्रमुखता से देखा जा रहा है। मंदिर परिसर व उसके आसपास व संकीर्ण जगहों पर फोर्स की संख्या बढ़ा दी गई है। मेला क्षेत्र में 200 सीसीटीवी कैमरे काम करे रहे हैं।इस बीच पितरों को मोक्ष की कामना को लेकर तीर्थयात्रियों का आगमन प्रारंभ हो गया है। देश-विदेश से पिंडदानी कर्मकांड के लिए आने लगे हैं। वे फल्गु के पवित्र जल से पिंडदान एवं तर्पण करेंगे। इसके साथ ही पिंडवेदियों पर कर्मकांड करेंगे। पिंडदान एवं तर्पण के लिए फल्गु तट पर देवघाट, ब्राह्मणी घाट, पितामहेश्वर व सीताकुंड घाट का खास महत्व है। इन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। इस साल पितृपक्ष मेले में अधिक तीर्थयात्रियों के आने का संभावना है। गत वर्ष तीर्थयात्री कम आए थे। इस वर्ष 10 से 12 लाख तीर्थयात्रियों के आने की संभावना जताई गई है। पितृपक्ष मेला के दौरान प्रशासन ने गया शहर के कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। मेला क्षेत्र को वन वे किया गया है। शहर में प्रातः तीन बजे से रात्रि 11 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेला क्षेत्र में छोटे वाहनों के जाने को ही अनुमति दी गई है। हां, इसके अलावा वे वाहन भी प्रवेश कर सकेंगे, जिन्हें सदर एसडीओ द्वारा निर्गत पास प्राप्त हो।
पार्किंग यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए बड़े एवं छोटे वाहनों की पार्किंग के लिए सिकड़िया मोड़ बस स्टैंड,चांद चौरा कोलरा अस्पताल,केन्दुई, पहड़तली, चंदौती बाजार, प्रेतशिला, आइटीआई कैंपस, पॉलीटेक्निक परिसर में व्यवस्था की गई है। इसके अलावा छोटे वाहनों के लिए संक्रामक अस्पताल परिसर व पंचयतिया अखाड़ा में पार्किंग की व्यवस्था है।

### ट्रक ने 4 मजदूरों को रौंदा, 3 की मौके पर मौत

**नवादा।** बिहार नवादा-गया पथ पर केवट नगर के पास अनियंत्रित ट्रक ने 4 लोगों को रौंद दिया जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के मुताबिक अनियंत्रित ट्रक ने गुरुवार सुबह नवादा में हुए हादसे में मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग मंडी में काम करने के लिए नवादा जा रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन का चालक इन मजदूरों से मंडी जाने का रास्ता पूछ रहा था, तभी बेकाबू ट्रक ने उन चारों को रौंद डाला। सभी मजदूर केवट नगर के रहने वाले हैं। मृतकों में प्रह्लाद कुमार (17 ), समीर कुमार (26), आकाश कुमार (15) शामिल हैं।

## गागर में सागर

### नंबर-1 बल्लेबाज बनने से चूके शुभमन गिल



**दुबई।** आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज बाबर आजम की बढ़त लगातार कम हो रही है। नए अपडेट के अनुसार भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और बाबर के बीच मात्र 10 अंक का मांमूली अंतर है। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुरूआती दो मुकाबलों के दौरान कुल 178 रन बनाए। इस सीरीज के पहले मुकाबले में गिल ने मोहाली में 74 रनों की पारी खेली और फिर, इंदौर में अपने करियर का छठा वनडे शतक बनाकर रैंकिंग में बढ़त बनाई। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गिल के अब कुल 847 रेटिंग अंक हैं और वह 5 अक्टूबर को विश्व कप की शुरूआत से पहले बाबर से सिर्फ 10 रेटिंग अंक पीछे हैं।

### सीरी ए में इंटर मिलान की पहली हार

**रोम।** इंटर मिलान का सीरी ए में शानदार रिकॉर्ड टूट चुका है, क्योंकि उन्हें ससुओलो के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इंटर ने पांच सीरी ए मैचों में लगातार जीत हासिल की थी। जबकि ससुओलो ने पिछले मैच में जुवेंटस को 4-2 से हराया था। घरेलू टीम ने कुछ मौके बनाए और ब्रेक से पहले गतिरोध को तोड़ दिया जब डेन्जेल डमफ्रीज ने एक डिफेंडर को चकमा देकर गोल दागा। हालांकि, सैसुओलो ने नौ मिनट के अंतराल में खेल को पलट दिया और अंत तक बढ़त बनाए रखते हुए 2-1 से जीत दर्ज कीष वहीं, इसके विपरीत एसी मिलान ने कैग्लियारी को 3-1 से हराया। इंटर की हार के साथ मिली जीत ने एसी मिलान को अपने शहर के प्रतिद्वंद्वियों के साथ 15 अंकों के स्तर पर पहुंचने की अनुमति दी, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वे अभी भी दूसरे स्थान पर हैं। अन्य मैच में नेपोली ने उडिनीस को 4-1 से हराकर अपना खराब प्रदर्शन समाप्त किया। इसके अलावा बुधवार को लाजियो ने टोरिनो को 2-0 से हराया, अटलंता ने हेलास वेरोना को 1-0 से हराया और एम्पोली ने सालेर्निटाना को 1-0 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

### अफगानिस्तान के युवा खिलाड़ी नवीन उल हक वर्ल्ड कप के बाद लेंगे संन्यास

**दुबई।** अफगानिस्तान के 24 वर्षीय युवा खिलाड़ी नवीन उल हक ने विश्व कप-2023 के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की वनडे टीम में वापसी करने वाले नवीन उल हक ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि वह भारत में टूर्नामेंट के अंत में पचास ओवर के फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे। नवीन ने अफगानिस्तान की विश्व कप टीम में इस फॉर्मेट से दो साल बाद वापसी की थी। इस तेज गेंदबाज ने केवल सात वनडे मैच खेले हैं, लेकिन 2016 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से वह टी20 सेटअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। अफगानिस्तान ने भारत में होने वाले प्रमुख टूर्नामेंट के लिए एक मजबूत टीम की घोषणा की थी, जिसमें नवीन की वापसी एक प्रमुख चर्चा का विषय रही। नवीन के अलावा, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और उमरजई विश्व कप के लिए टीम के लिए एक मजबूत तेज आक्रमण हैं।



### हैदराबाद स्टेडियम में अभ्यास करती हुई नजर आई पाकिस्तानी टीम



**हैदराबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लिया। बुधवार रात हैदराबाद पहुंची पाकिस्तानी टीम पार्क हयात होटल से सुबह करीब 8 बजे स्टेडियम के लिए निकली और दोपहर से पहले वापस लौट आई। टीम की यात्रा और स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशाल गणेश विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखकर नेट अभ्यास सत्र सुबह में निर्धारित किया गया था। हैदराबाद और उसके आसपास विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा के तहत 20,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रविवार को शहर में गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी जुलूस के मद्देनजर, राज्य पुलिस ने आयोजकों से अभ्यास मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। 14 अक्टूबर को भारत के खिलाफ बड़े मैच के लिए अहमदाबाद जाने से पहले उसे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप के दो मैच खेलने हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम सात साल में पहली बार भारत दौरे के लिए दुबई के रास्ते यहां पहुंची है।

# 10 मीटर एयर पिस्टल में पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण



**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारतीय तिकड़ी सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिवा नरवाल ने गुरुवार को एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता। एशियन गेम्स का आज 5वां दिन है। बुधवार को भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित 7 मेडल जीते। अब गुरुवार सुबह पिस्टल निशानेबाजों ने शूटिंग में भारत के लिए चौथा गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 1734 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत ने मेजबान चीन(1733 स्कोर) को केवल एक अंक से पछाड़ दिया। भारतीयों ने पहली शृंखला में 284 स्कोर बनाया और फिर शेष पांच में 287, 291, 294, 290 और 288 का स्कोर किया। टीम प्रतियोगिता में सरबजोत ने भारतीयों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर 580 बनाया, जबकि अर्जुन सिंह ने 578 और शिव ने 576 स्कोर किया। हालांकि, सरबजोत और अर्जुन सिंह चीमा व्यक्तिगत वर्ग में अपना प्रदर्शन दोहरा नहीं सके और क्रमशः चौथे और आठवें स्थान पर रहे। सरबजोत के पास व्यक्तिगत स्पर्धा में भी मौके थे और वह कांस्य पदक की दौड़ में थे, लेकिन 19वें शॉट में 8.8 के खराब स्कोर के कारण उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया और वह 219.9 के स्कोर के साथ बाहर हो गए। फाइनल के बाद सरबजोत ने कहा, टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर मैं खुश हूं, लेकिन व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक चूकने से निराश हूं। मेरे पास मौके थे लेकिन कुछ गलतियां हुईं और इसके कारण मुझे पदक गंवाना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि अब उनका लक्ष्य एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेना है और पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है।

## अदिति अशोक पहले राउंड के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर, टीम स्पर्धा में भारत पांचवें स्थान पर



**भारत** की अदिति अशोक को शुरूआत में अपने पटर के साथ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गुरुवार को एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता में वापसी करने और पहले दौर में संयुक्त दूसरे (टी2) स्थान पर रहने में सफल रहीं। वेस्ट लेक इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स में खेलते हुए, अदिति ने पांच अंडर 67 का स्कोर किया और चार खिलाड़ियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जापान के साकी बाबा ने सात अंडर 65 का शानदार स्कोर बनाकर शुरूआती बढ़त हासिल कर ली। अदिति ने पहले राउंड के बाद कहा, मैंने कुछ आत्मविश्वास बनाया और अच्छे से हिट करना जारी रखा और कुछ और होल किए। अदिति, जो विश्व में 47वें स्थान पर हैं, तीन चीनी - विश्व नंबर 1 रुओनिंग यिन, यू लियू और विश्व नंबर 12, ज़ियू लिन और थाईलैंड की यूबोल अर्पिचया, के साथ दूसरे स्थान पर थीं, सभी का स्कोर 67 है।

अदिति की टीम के साथियों में, प्रणवी उर्स एक अंडर 71 के साथ संयुक्त17 पर थीं जबकि अवनी प्रशांत पार 72 के साथ संयुक्त21 पर थीं। सर्वश्रेष्ठ दो स्कोर को टीम के कुल स्कोर में गिना जाता है, भारत 138 के कुल स्कोर के साथ टीम प्रतियोगिता में पांचवें स्थान पर है। चीन और जापान 10-अंडर पार 134 के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। थाईलैंड आठ -अंडर 136 के साथ तीसरे स्थान पर है। कोरिया गणराज्य 137 के साथ चौथे स्थान पर है। भारतीय खिलाड़ियों को पदक की दौड़ में आने के लिए दूसरे राउंड में जोरदार वापसी करनी होगी।

## अनुश अग्रवाल ने घुड़सवारी में पहला व्यक्तिगत पदक जीता




भारत के अनुश अग्रवाल ने गुरुवार को एशियाई खेलों में घुड़सवारी स्पर्धा में एक और पदक हासिल किया। उन्होंने ड्रेसेज इंडिविजुअल इंटरमीडिएट क फ्रीस्टाइल में 73.030 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। यह घुड़सवारी में भारत का पहला व्यक्तिगत पदक भी है।मलेशिया के फातिल महामद ने 75.780 अंकों के साथ स्वर्ण और हांगकांग की जैकलीन विंग यिंग ने 73.450 अंकों के साथ रजत पदक जीता। भारतीय राइडर हृदय चेड्डा ने भी पदक स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन वह बाहर हो गए। क्वालीफाइंग में, हृदय 73.883 के कुल स्कोर के साथ चार्ट में शीर्ष पर रहे, जबकि अनुश ने अपने घोड़े एट्रो पर सवार होकर 71.706 के कुल स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में आगे बढ़ने के लिए. दिव्यकृति सिंह भी मिश्रण में थीं, लेकिन क्वालीफाइंग अंक से चूक गईं और 67.676 के कुल स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहीं। इससे पहले, अनुष, हृदय, दिव्यकृति और सुदीप्ति की भारतीय टीम ने टीम ड्रेसेज में 209.205 का बड़ा स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। अनुष अग्रवाल और उनके घोड़े एट्रो ने अधिकतम स्कोर 71.088 हासिल किया, जबकि हृदय छेदा-एमराल्ड ने 69.941 स्कोर किया। दिव्याकृति सिंह-एड्रेनालिन फिरदोद ने 68.176 स्कोर किया। सुदीप्ति हाजेला-चिन्स्की ने 66.706 अंक हासिल किये। भारत 209.205 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहा, जो दूसरे स्थान पर मौजूद चीन के 204.882 से काफी अधिक था। अनुश अग्रवाल ने 71.088 के स्कोर के साथ शो को अपने नाम किया, जबकि हृदय ने 69.941 और दिव्याकृति ने 68.176 का स्कोर किया।

## महिला बैडमिंटन में भारत ने मंगोलिया को हराया




पूर्व विश्व नंबर 1 पीवी सिंधु के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा के 16वें राउंड के मुकाबले में कमजोर मंगोलिया को गुरुवार को बिनजियांग जिमनैजियम में 3-0 से हराया और तीनों मैच सीधे गेम में जीते। ।

ओलंपिक खेलों में दो बार की पदक विजेता सिंधु ने बैडमिंटन स्टेडियम के कोर्ट नंबर 2 पर मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर को केवल 20 मिनट में 21-2, 21-3 से हराकर भारतीय टीम को विजयी शुरूआत दी। पहले गेम में, सिंधु ने 16-0 की बढ़त बना ली, इसके बाद जाकर उनकी प्रतिद्वंद्वी ने अपना पहला अंक जीता। दूसरे गेम में, मंगोलियाई ने स्कोर 2-1 कर दिया, इससे पहले सिंधु ने अगले आठ अंक जीतकर 10-1 की बढ़त बना ली और गेम 21-3 से समाप्त कर दिया। दूसरे मैच में अश्मिता चालिहा भी उतनी ही तेज थीं और उन्होंने 21 मिनट में खेरलेन दरखानबातर को 21-2, 21-3 से हरा दिया। इसके बाद अनुपमा उपाध्याय ने खुलंगू बातर को 22 मिनट में 21-0, 21-2 से हराकर भारत की जीत पक्की कर दी। गायत्री गोपीचंद/ट्रीसा जॉली और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रैस्टो की युगल जोड़ी को गुरुवार को कोर्ट पर कदम रखने की जरूरत ही नहीं पड़ी। सिंधु ने मैच के बाद कहा,यह एक अच्छी शुरूआत है। एक आसान मैच। मैं यहां आने के लिए वास्तव में उत्साहित थी और आखिरकार यह शुरू हो गया है। यह हमारे लिए अपनी तैयारी शुरू करने का समय है। टीम इवेंट एक नॉकआउट है इसलिए अगर हम 3-0 से जीतते हैं तो हम "अगले दौर में थाईलैंड से खेलेंगे।" उनकी संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर सिंधु ने कहा, इस बार हमारे पास एक मजबूत महिला टीम है और यह महत्वपूर्ण है कि हम वह काम करें। हमारे पास अच्छी युगल जोड़ियां भी हैं।

## साकेत-रामकुमार की जोड़ी पुरुष युगल के फाइनल में



भारत एशियाई खेलों में अपने पुरुष युगल खिताब का बचाव करेगा, रामकुमार रामनाथन और साकेत मिनेनी ने गुरुवार को यहां सूनवू क्वोन और सियोंगचान होंग की कोरियाई जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। एचओसी टेनिस सेंटर में खेले गए सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 6-1, 7-6, (10-0) से हराया। भारतीय टीम ने पहला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया, लेकिन दूसरे सेट में कोरियाई जोड़ी ने अपने खेल में तेजी लाई और रामनाथन और मिनेनी के खेल के स्तर की बराबरी करते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। हालांकि, 10-पॉइंट टाईब्रेकर के दौरान, भारतीय जोड़ी हावी रही, हर अंक जीतकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

## रुतुराज के नेतृत्व वाली भारतीय क्रिकेट टीम चीन रवाना

**एजेंसी। मुंबई**



भारतीय क्रिकेट टीम अपने बहुप्रतीक्षित एशियाई खेलों के लिए गुरुवार को भारत से चीन के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम 3 अक्टूबर को अपना अभियान शुरू करेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण ने टीम इंडिया की मुंबई एयरपोर्ट से चीन के लिए उड़ान भरने की तस्वीरें साझा कीं। साई मीडिया ने एक्स पर लिखा, पुरुष क्रिकेट टीम एशियन खेलों के लिए पूरी तरह से तैयार है ! टीम इंडिया ने एशियन खेलों में अपने बहुप्रतीक्षित अभियान के लिए मुंबई हवाई अड्डे से हांगझू के लिए उड़ान भरी है। हम उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थान वाली टीमें हैं, इसलिए इन्हें सीधे क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश दिया गया है। रुतुराज गायकवाड़ को एशियाई खेलों में भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यशस्वी जयसवाल को भी टीम में जगह मिली है। शिवम दुबे जो आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के मध्य क्रम की बल्लेबाजी (सीएसके) की रीढ़ थे, उन्हें एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में वापस बुलाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में दमदार प्रदर्शन के बाद रिंकू सिंह को भी भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अपने शानदार आईपीएल प्रदर्शन के दम पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने भी टीम में जगह बनाई है।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

**खिलाड़ियों की स्टैंडबाय सूची:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

यौन उत्पीड़न मामला

## दनुष्का गुणाथिलका को बड़ी राहत, नहीं पाए गए दोषी

**एजेंसी। सिडनी**



टी20 विश्व कप 2022 के लिए ऑस्ट्रेलिया में टिंडर डेट पर 'चुपके से' यौन उत्पीड़न करने के आरोपी श्रीलंका के बल्लेबाज दाशुंका गुनाथिलका को 'दोषी नहीं' पाया गया है। 32 वर्षीय गुनाथिलाका पर नवंबर 2022 में टिंडर डेट के बाद सिडनी की महिला के साथ उसके घर पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक गुनाथिलका को बरी करते हुए गुरुवार को सिडनी के डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज सारा हगेट ने पाया कि गुनाथिलका ने पुलिस को सच बताया था और कहा था कि उनके पास ऐसा करने का 'कोई मौका नहीं' था। जज ने फैसला सुनाते हुए कहा, 'साक्ष्य यह स्थापित करते हैं कि आरोपी के पास संभोग के दौरान कंडोम हटाने का कोई मौका नहीं था क्योंकि वह संभोग लगातार चल रहा था।' उन्होंने कहा, 'उस साक्षात्कार में उन्होंने जो कहा, उसे अस्वीकार करने या उस पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है।' दूसरी ओर हगेट ने पाया कि शिकायतकर्ता, जिसे कानूनी रूप से नामित नहीं किया जा सकता है, ने पुलिस को दिए अपने बयानों में दो अलग-अलग विवरण दिए थे और जो कुछ हुआ उसकी उसे 'स्पष्ट स्मृति' नहीं थी।'

रणनीति

## विश्व कप में टीम इंडिया की तैयारी पर बोले राहुल द्रविड़

# अपनी कमजोरियों को दूर करना जरूरी

**एजेंसी। राजकोट**




भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, भले ही भारतीय टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से द्रविड़ काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि उन सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय मिलना महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने बुधवार को तीसरे वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, ₹जसप्रीत, अश्विन, श्रेयस, केएल जैसे लोगों के लिए, खेल का समय प्राप्त करना महत्वपूर्ण था। तथ्य यह है कि वे इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं और प्रतिस्पर्धी पक्ष के खिलाफ इसे प्राप्त करना एक अच्छी बात है। अभ्यास मैच में आम तौर पर वे लोग होते हैं 15 बनाम 15 खेलें इसलिए उन खेलों में उस स्तर की गंभीरता हासिल करना कठिन है। " यह बहुत अच्छा रहा कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) को कुछ गेम मिले और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर फेंके। सिराज को एक बग का सामना करना पड़ा, लेकिन वह वापस आ गए और आज गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए। यह देखना अच्छा था कि अश्विन ने पहले दो मैचों में कैसी गेंदबाजी की । केएल और 6-7 महीने बाद वापसी करते हुए पूरे पचास ओवर तक उनकी कीपिंग शानदार रही है। श्रेयस ने पिछले कुछ मैचों में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं।" मुझे लगता है कि बहुत सारे टिक मार्क हैं... चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वास्तव में खुश हूं। हम जानते हैं कि हम बेहतर होने जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में भी इसी लय को बरकरार रख पाएंगे। श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए सीरीज के दूसरे मैच में 90 गेंदों में 105 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि राहुल ने भी दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए। । उन्होंने मोहाली में एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा।

द्रविड़ ने चोट या अन्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं, और हमने कई बॉक्सों पर सही का निशान लगाया है। यह देखना अच्छा है कि जो लोग चोट के कारण बाहर हैं, कुछ समय से दूर हैं, हमारे दृष्टिकोण से, वे ऐसा करने में सक्षम हैं कुछ अच्छा क्रिकेट खेलें, बीच में समय बिता सकें, कुछ रन बना सकें, कुछ विकेट ले सकें, लेकिन हमेशा छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिनमें आप सुधार कर सकते हैं। यह एक कठिन, लंबा टूर्नामेंट होने जा रहा है। हम एक टीम के रूप में लगातार सुधार करना चाह रहे हैं, भले ही परिणाम हमारे अनुकूल हों। 50 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी पुष्टि की कि टीम 30 सितंबर को होने वाले पहले अभ्यास कार्यक्रम के लिए 28 या 29 सितंबर को गुवाहाटी में इकट्ठा होगी। द्रविड़ ने कहा, हमारे पास समूह में वायरल (बुखार) के कारण कुछ समस्याएं थीं। यह इस खेल में एक संतुलनकारी कार्य था, क्योंकि लोग व्यक्तिगत कारणों से घर जा रहे थे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हर कोई 28 तारीख की रात या 29 तारीख की सुबह तक गुवाहाटी में होगा। " भारत अपने विश्व अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने के लिए तैयार है। सीबीआईसी के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने गुरुवार को ये बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम इसे 1 अक्टूबर से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित अधिसूचनाएं प्रक्रियाधीन हैं। यह कदम सभी राज्यों की सर्वसम्मति से उठाया गया है और हाल ही में लोकसभा में जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया गया। अग्रवाल ने कहा, 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के लिए सभी राज्यों को इसे अपनी विधानसभाओं में पारित करना होगा या 30 सितंबर तक अध्यादेश जारी करना होगा। ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कैसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइजर के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को वर्तमान में लगने वाले 18 प्रतिशत के बजाय 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। 11 अगस्त को, लोकसभा ने मानसून सत्र के अपने अंतिम सत्र के दौरान ध्वनि मत से दो जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया। ये संशोधन एकीकृत वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 से संबंधित हैं, जिसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है। यह कानूनी कार्रवाई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा 2 अगस्त को अपनी 51वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में विशिष्ट प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की है। इन प्रावधानों में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से भारतीय ग्राहकों तक ऑनलाइन मनी गेमिंग की आपूर्ति पर जीएसटी का भुगतान करने का दायित्व शामिल है, साथ ही गैर-अनुपालन के मामले में किसी भी संबंधित जानकारी तक पहुंच को अवरुद्ध करने के उपाय भी शामिल हैं।

## गागर में सागर

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने मिलाद-उन-नबी की शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मिलाद-उन-नबी पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमारे समाज में भाईचारे और दयालुता की भावना को आगे बढ़ाया जाए। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, खास तौर पर मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देती हूं। आज पैगम्बर मुहम्मद (स.) के जन्मदिन पर हम सब सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़कर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मिलाद-उन-नबी के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पैगंबर की प्रेरणादायक शिक्षाएं करुणा, सहिष्णुता और आपसी भाईचारे का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी शिक्षाएं शांति, न्याय और सद्भावनापूर्ण समाज के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करती रहें, यही मंगल कामना है !ह्व प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया; मिलाद-उन-नबी पर बधाई। हमारे समाज में भाईचारे और दयालुता की भावना को आगे बढ़ाया जाए।' सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें।' ईद मुबारक!

### एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया दुख



**नई दिल्ली।** भारत में हरित क्रांति के जनक एवं कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एम एस स्वामीनाथन के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास के एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय में, कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी योगदान के अलावा डॉ. स्वामीनाथन नवप्रवर्तन के पावरहाउस और कई लोगों के लिए एक प्रेरक गुरु थे। अनुसंधान और परामर्श के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और नव प्रवर्तकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा याद रखूंगा। भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

### मुंबई में तेज रफ्तार ट्रक रिक्शे पर पलटा, चार लोगों की मौके पर मौत



**मुंबई।** चंद्रपुर जिले में बल्लारपुर बाईपास के पास बीती रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रिक्शे पर पलटने से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल चार लोगों को तत्काल जिला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात बल्लार बाईपास पर अष्टभुजा मंदिर की ओर से तेज रफ्तार ट्रक रेलवे फ्लाईओवर की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ जाने से ट्रक बगल से गुजर रहे एक रिक्शा पर पलट गया।

### माफिया अतीक के भाई अशरफ का साला सद्दाम दिल्ली से गिरफ्तार



**लखनऊ।** प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे अब्दुल समद उर्फ सद्दाम को यूपी एसटीएफ की बरेली यूनिट ने दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया। सद्दाम, माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ का साला है। यूपी एसटीएफ के मुताबिक सद्दाम पर एक लाख रुपये का इनाम था। सद्दाम पुत्र मंसूर अहमद प्रयागराज जिले के ग्राम हटवा उपरहार का निवासी है। सद्दाम की गिरफ्तारी के बाद फरार चल रही अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के बारे में भी जानकारी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए माफिया अतीक और अशरफ विगत 15 अप्रैल को प्रयागराज में एक हमले में मारे गए थे। यूपी एसटीएफ के डीएसपी अब्दुल कादिर के नेतृत्व में टीम ने महीनों से दिल्ली में डेरा डाला हुआ था। इसके बाद सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल एसटीएफ उसे बरेली के थाना बिथरी चैनपुर लेकर पहुंची है।

# कार्बन न्यूट्रल के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी : गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी। गडकरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि परिवहन मंत्रालय सड़क निर्माण में नगर निगम के कचरे का उपयोग करने के लिए नीति को अंतिम रूप दे रहा है। इसके अलावा सरकार जीवाश्म ईंधन का उपयोग नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निमार्ताओं को प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर रही है। देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का उल्लेख करते हुए गडकरी ने कहा कि 13 हजार स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क किनारे सुविधाओं, ढाबों, टोल प्लाजा पर सफाई अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और लगभग 7000 स्थानों पर काम पूरा हो



चुका है। उन्होंने कहा कि दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटान देश भर के शहरी क्षेत्रों में पेश आने वाली प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। मंत्री ने कहा कि लगभग 10,000 हेक्टेयर भूमि डंप साइटों में बंद है। मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने के समाधान पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से कचरे से धन बनाना संभव है। देश में वैकल्पिक जैव ईंधन के बारे में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि वह इथेनॉल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रबल समर्थक रहे हैं और कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा देने के लिए इथेनॉल के बड़े पैमाने पर उपयोग पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 2 लाख करोड़ रुपये की इथेनॉल इकोनॉमी बनाना है। दिल्ली में दुनिया के पहले बीएस-6 अनुरूप फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन के लॉन्च के साथ फ्लेक्स इंजन 100 प्रतिशत इथेनॉल पर काम करेगा और अर्थव्यवस्था के लिए बचत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पानीपत में आईओसीएल संयंत्र चावल के भूसे जैसे कृषि अपशिष्ट को इथेनॉल और बायोबिटुमेन में परिवर्तित करता है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं और सरकार दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक हाइवे वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन को उसी तरह से पूरा करते हैं, जैसे रेलवे के लिए किया जाता है। यह स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में प्रचलित तकनीक पर आधारित है। इसमें बिजली केबलों का प्रावधान शामिल है, जिसका उपयोग ऐसे वाहन द्वारा किया जा सकता है जो इस प्रकार की प्रौद्योगिकी को पूरा करता है। वाहन अपने कर्षण के लिए इस केबल से बिजली का उपयोग करेगा। फिलहाल मंत्रालय विभिन्न तकनीकों का मूल्यांकन कर रहा है।

**मणिपुर : इंफाल में हिंसक प्रदर्शन जारी**

## उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़, दो वाहन फूंके

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में दो छात्रों की मौत को लेकर गुरुवार की सुबह भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा और इंफाल वेस्ट में एक उग्र भीड़ ने उपायुक्त (डीसी) कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी में छात्रों की अगुवाई में यह हिंसा मंगलवार को तब शुरू हुई जब जुलाई में लापता हुए एक लड़के और लड़की के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। अधिकारियों ने बताया कि गत रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई जिसके कारण सुरक्षा बल को स्थिति पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को रिहायशी इलाकों में प्रवेश करने से रोकने के लिए टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।



उन्होंने बताया कि भीड़ ने उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को फूंक दिया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने स्थिति को काबू में किया। इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में सुरक्षाबलों के हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के बीच कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है। इन प्रदर्शनों में मंगलवार से लेकर अब तक 65 प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। इस बीच, पुलिस ने बताया कि थौबल जिले के खोंगजाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में आग लगा दी गयी।

## केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम में किए गए संशोधन

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की है। इसके तहत मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) पंजीकरणों के नवीनीकरण के लिए एक प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा अंतिम छोर तक इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के लिए केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ बुनियादी ढांचे को साझा करने हेतु नियमों में अनिवार्य प्रावधान शामिल किए गए हैं। एमएसओ पंजीकरण के लिए संशोधित नियमों की कई विशेषताएं हैं, जिसमें एमएसओ पंजीकरण या पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना, एमएसओ पंजीकरण दस वर्षों की अवधि के लिए प्रदान या नवीनीकृत करने, पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए भी प्रोसेसिंग शुल्क एक लाख रुपये, पंजीकरण के नवीनीकरण का आवेदन पंजीकरण की समाप्ति से पहले सात से दो महीने की अवधि के भीतर करना शामिल है।

मंत्रालय के अनुसार नवीनीकरण प्रक्रिया कारोबार करने में सुगमता की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, क्योंकि यह केबल ऑपरेटरों को अपनी सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए निश्चितता प्रदान करेगी और इस तरह इस क्षेत्र को विदेशी निवेश के लिए आकर्षक बनाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि जिन एमएसओ का पंजीकरण 7 महीने के भीतर समाप्त हो रहा है, उन्हें ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता पड़ने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के तहत केवल नए एमएसओ पंजीकरण ही प्रदान किए जाते थे। नियमों में एमएसओ पंजीकरण के लिए वैधता की अवधि निर्दिष्ट नहीं की गई थी, न ही ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की अनिवार्यता प्रकट की गई थी। केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ बुनियादी ढांचे को साझा करने से संबंधित प्रावधान को शामिल करने से इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि और संसाधनों के कुशल उपयोग का दोहरा लाभ मिलेगा। इससे ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की आवश्यकता भी कम हो जाएगी।

## नवाचार में भारत 40वें स्थान पर बरकरार



**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की ओर से प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक-2023 में भारत रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में पिछले कई वर्षों से 81वें स्थान पर था। 2023 में सुधार के साथ भारत 40वें स्थान पर पहुंच गया। नीति आयोग के अनुसार महामारी से उत्पन्न संकट के खिलाफ देश की लड़ाई में नवाचार ने अग्रणी भूमिका निभाई है। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में निहित है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप ईको सिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों के कारण है। उल्लेखनीय है कि जीआईआई दुनिया भर में नवाचार से होने वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करता है। नीति आयोग इस वर्ष भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के साथ साझेदारी में 29 सितंबर को जीआईआई 2023 के शुभारंभ की मेजबानी कर रहा है।

**वीर बेटी लक्ष्मी बाई की याद में**

## बनारस से झांसी चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस



### वाराणसी से आगरा व वाराणसी से कोलकाता के लिए भी प्रस्तावित है वंदे भारत

**आरएनएम। वाराणसी**

एक और वंदे भारत एक्सप्रेस रानी लक्ष्मी बाई की जन्मभूमि बनारस तथा कर्म भूमि झांसी के बीच चलेगी। यदि समय से सब कुछ हो गया तो वाराणसी से 13 नवंबर (दीपावली) से यह वंदे भारत चलने लगेगी। यह वाराणसी से प्रयागराज, चित्रकूट होते हुए झांसी तक जाएगी। इसके चलने से बनारस से बुंदेलखंड का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे जोन की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि रानी लक्ष्मी बाई के बचपन का नाम मणिकर्णिका था। उनका बचपन वाराणसी (अस्सी मोहल्ले में जन्म हुआ था) में बीता, फिर शादी झांसी में हो गई। झाँसी की रानी रहने के दौरान अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुईं थीं। इस ऐतिहासिक महत्व तथा बनारस की वीर बेटी को याद करते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस परिचालन की बात चल रही है।

इससे बनारस से बुंदेलखंड की ट्रेन सुविधा बेहतर हो जाएगी। रेलवे बोर्ड के अनुसार , दीपावली तक और 8 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जा सकती है। इसमें एक वंदे भारत प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी से झांसी के बीच चल सकती है। इसका सर्वे रेलवे बोर्ड करा रहा है। जल्द ही ट्रेन के परिचालन पर अंतिम मुहर लग सकती है रेल अधिकारियों के अनुसार, धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाराणसी-झांसी के बीच वंदे भारत चलाने की योजना बनी है। वाराणसी-झांसी रूट के मार्फत चित्रकूट से भी जुड़ाव होगा। भगवान राम वनवास के दौरान लक्ष्मण व सीता सहित चित्रकूट में भी रहे थे।वाराणसी-झांसी के बीच बनारस स्टेशन से बुंदेलखंड एक्सप्रेस का संचालन होता है। इस ट्रेन से यात्रा में 12 से 13 घंटे लगते हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा में 6 से 7 घंटे समय लगेगा।

प्रस्ताव के अनुसार वाराणसी से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 10 बजे खुलेगी और दोपहर डेढ़ बजे तक चित्रकूट पहुंच जाएगी। शाम लगभग साढ़े 4 से पांच बजे तक झांसी पहुंच जाएगी। वाराणसी-झांसी वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। इसमें वाराणसी-आगरा वंदे भारत का भी प्रस्ताव शामिल है। वाराणसी-हावड़ा के बीच भी वंदे भारत एक्सप्रेस प्रस्तावित है। यह ट्रेन पटना को जोड़ते हुए अप-डाउन करेगी। मालूम हो कि देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू हुई ।

## राहुल ने अब दिल्ली में फर्नीचर मार्केट का किया दौरा, कारीगरों से की बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जिन्होंने हाल ही में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल स्टेशन पर कुलियों से मिल कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था, गुरुवार को दिल्ली के एक फर्नीचर बाजार पहुंचे और बढ़ई से बातचीत की। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, आज मैं दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर बाजार में गया और बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। कड़ी मेहनत करने के अलावा, वे अद्भुत कलाकार भी हैं -- ताकत और सुंदरता को तराशने में



विशेषज्ञ ! हमने बहुत सारी बातें कीं, उनके कौशल के बारे में थोड़ा जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। पार्टी नेताओं के अनुसार, कीर्ति नगर फर्नीचर बाजार की अपनी यात्रा के दौरान, गांधी ने श्रमिकों और बढ़ई से बातचीत की। कांग्रेस नेता के बाजार दौरे की तस्वीरें भारतीय युवा कांग्रेस प्रमुख बी.वी. श्रीनिवास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा कीं। श्रीनिवास ने अपने पोस्ट में कहा, जब जन नेता राहुल गांधी दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट पहुंचे.. इस दौरान उनकी मुलाकात मेहनती बढ़ई भाइयों से हुई। भारत जोड़ो यात्रा जारी है। 21 सितंबर को, राहुल गांधी ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी और उनके मुद्दों को समझने की कोशिश की।




### ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले अक्षय कुमार-ट्विंकल खन्ना

**अभिनेता** अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज जल्द ही पर्दे पर आएगी। इससे पहले खिलाड़ी कुमार अपने परिवार के साथ लंदन में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। अक्षय और ट्विंकल ने लंदन में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की है। इस मुलाकात का वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में ट्विंकल खन्ना, ऋषि सुनक और अक्षय कुमार ने पोज दिए हैं। ट्विंकल ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मुझे हील्स पहनना और डांस करना पसंद नहीं है, लेकिन आज की रात पैर की उंगलियों पर चोट लगी थी। सुधा मूर्ति मेरी हीरो हैं, लेकिन उनके दामाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना बहुत अच्छा रहा। इस वीडियो को शेयर करते हुए अक्षय कुमार की पत्नी और एक्ट्रेस-राइटर ट्विंकल खन्ना ने राइटर सुधा मूर्ति की जमकर सराहना की है। ट्विंकल का यह वीडियो इस समय काफी लोकप्रिय है। वहीं, अक्षय कुमार के काम की बात करें तो उनकी फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।



### सनी कौशल ने रिलीज किया अपना पहला हिप-हॉप गाना 'झंडे'



**हाल** ही में अभिनेता सनी कौशल ने अपने पहले गाने 'झंडे' के साथ गायन क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। हिप-हॉप रैप होने के नाते, सनी ने न सिर्फ गाया, बल्कि गाना लिखा भी है। इसके लिए उन्होंने भार्ग काले के साथ सहयोग किया है जो झंडे के निमार्ता हैं। अभिनेता ने लिखा, मैं करना ओहि जो मैनु पसंद, पर दुनिया ये कैंदी झंडे तू गड्डु। झंडे का लिरिकल वीडियो अब रिलीज हो है। सुनें, आनंद लें! हैपी बर्थडे टू मी। गाने के पहले पोस्टर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। झंडे अब सभी म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। सनी के लिए, झंडे खास हैं क्योंकि यह संगीत बनाने के उनके लंबे समय के जुनून को पूरा करता है।

### रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का टीजर रिलीज

**निमार्ताओं** ने हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल का टीजर जारी किया, जो स्क्रीन पर एक अदम्य उग्रता पैदा कर रहा है, और अब यह टीजर फिल्म को लेकर लोगों की जिज्ञासा को और बढ़ावा दे रहा है। रणबीर कपूर अभिनीत इस फिल्म का टीजर फिल्म की रॉ पॉवर, साज़िश और वाइल्ड नेचर को दशार्ने में पूरी तरह कामयाब रहा है। दिलचस्प बात यह है कि आज रणबीर कपूर का जन्मदिन भी है और टीजर जारी होने से इस अवसर पर उत्साह की एक अतिरिक्त परत जुड़ गई है। एनिमल एक सिनेमैटिक वाइल्डफायर है, जो निश्चित रूप से आपको एक ऐसे दायरे में ले जाएगी जहां रोमांच और जुनून टकराते हैं। यह थ्रिलर ड्रामा भूषण कुमार द्वारा निर्मित है, जिसमे अनिल कपूर, रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और




तृप्ति डिमरी जैसे शानदार कलाकार भी शामिल हैं। यह फिल्म 1 दिसंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम में रिलीज के लिए तैयार है। एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स ने किया है।

**राजनीति** | मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा हर रणनीति पर कर रही मंथन

# योगी सरकार के मंत्रियों को दे सकती है टिकट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा कुछ महीनों बाद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से कर रही है। उत्तर प्रदेश में बनने वाले विपक्षी दलों के संभावित गठबंधन को देखते हुए भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार के दिग्गज मंत्रियों को 2024 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। आइए आपको बताते हैं कि योगी सरकार के किन-किन मंत्रियों को भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। सबसे पहले बात उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की करते हैं, जिन्हें पार्टी 2024 में फिर से लोकसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। मौर्य के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में ही 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला था



और उस समय मौर्य यूपी में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन, सीएम पद योगी आदित्यनाथ को मिल गया और उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से ही संतोष करना पड़ा।

2022 में हुए विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य ने अपने गृह जिले कौशांबी की सिराथू सीट से चुनाव लड़ा। लेकिन, उन्हें समाजवादी पार्टी उम्मीदवार पल्लवी पटेल से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, पार्टी आलाकमान के दबाव में योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी सरकार में भी उन्हें उपमुख्यमंत्री तो बनाया लेकिन लोक निर्माण विभाग जैसा मंत्रालय वापस लेकर उन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंप दिया। इससे पहले मौर्य 2014 में फूलपुर से लोकसभा सांसद भी चुने गए थे। उत्तर प्रदेश के दूसरे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भी 2024 में भाजपा लोकसभा के चुनावी मैदान में उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। बसपा से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत करने वाले पाठक मायावती की पार्टी से उत्तर प्रदेश के उन्नाव संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। एक जमाने में मायावती के काफी करीबी माने जाने वाले ब्रजेश पाठक 2016 में भाजपा में शामिल हुए। 2017 में पाठक लखनऊ सेंट्रल से विधायक का चुनाव जीतकर योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बने और 2022 में लखनऊ छावनी से विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद उन्हें योगी सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा योगी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को भी लोकसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। खानदानी रूप से कांग्रेसी माने जाने वाले जितिन प्रसाद ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभालते हुए कांग्रेस से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की। वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से और 2009 में धौरहरा से चुनाव जीतकर सांसद बने। राहुल गांधी की सिफारिश पर उन्हें मनमोहन सिंह सरकार में पहली बार 2008 में मंत्री बनाया गया और 2009 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद दोबारा से बनी मनमोहन सरकार में उन्हें फिर से मंत्री बनाया गया। लेकिन, इसके बाद राजनीतिक तौर पर जितिन प्रसाद का बुरा दौर शुरू हो गया। जितिन प्रसाद को लगातार दो बार 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में धौरहरा से हार का सामना करना पड़ा।